7	D & N Haveli	3	0	0	1	1
8	Daman & Diu	4	0	0	0	0
9	Delhi	897	31	12	14	57
10	Goa	50	6	2	2	10
11	Gujarat	1720	205	72	258	535
12	Haryana	781	92	1	38	131
13	Himachal Pradesh	179	12	0	7	19
14	Jammu and Kashmir	322	32	12	9	53
15	Jharkhand	707	169	4	37	210
16	Karnataka	1395	166	35	65	266
17	Kerala	619	5	5	30	40
18	Ladakh	17	4	2	1	7
19	Lakshadweep	4	0	0	1	1
20	Madhya Pradesh	2028	306	11	67	384
21	Maharashtra	2190	198	8	44	250
22	Manipur	62	4	7	2	13
23	Meghalaya	99	33	4	5	42
24	Mizoram	74	28	0	1	29

Contents Page

25	Nagaland	34	5	3	2	10
26	Odisha	1043	142	19	50	211
27	Puducherry	38	4	5	3	12
28	Punjab	811	70	0	36	106
29	Rajasthan	1699	-3	58	151	206
30	Sikkim	35	9	2	1	12
31	Tamil Nadu	1383	76	5	67	148
32	Telangana	560	27	50	38	115
33	Tripura	133	10	1	3	14
34	Uttar Pradesh	3700	310	230	515	1055
35	Uttarakhand	298	17	5	17	28
36	West Bengal	1105	76	91	63	242
37	Andaman and Nicobar					
	TOTAL	25,886	2,324	787	1,744	4,855

Source: MIS portal of Department of Justice

Combined vacancy of UT Andaman & Nicobar Island and State of WB shown against State of West Bengal

Annexure-II

The total number of cases pending before subordinate courts state-wise as on 01.12.2025

Sl. No.	States	Pendency of Cases as on 01.12.2025
1	Andhra Pradesh	927899
2	Telangana	970564
3	Andaman &Nicobar	8341
4	Arunachal Pradesh	10978
5	Assam	556704
6	Bihar	3697562
7	Chandigarh	102179
8	Chhattisgarh	467584
9	Delhi	1577791
10	Diu and Daman	8392
11	DNH at Silvassa	
12	Goa	61080

Contents Page

13	Gujarat	1947262
14	Haryana	1520278
15	Himachal Pradesh	626485
16	Jammu & Kashmir	341931
17	Ladakh	1567
18	Jharkhand	563223
19	Karnataka	2368066
20	Kerala	1788266
21	Madhya Pradesh	2075550
22	Maharashtra	5939992
23	Manipur	16278
24	Meghalaya	16166
25	Mizoram	6947
26	Nagaland	3788
27	Orissa	1759257
28	Puducherry	36332
29	Punjab	920876
30	Rajasthan	2527713
31	Sikkim	1934
32	Tamil Nadu	1733556
33	Tripura	72186
34	U.T of Lakshadweep	581
35	Uttar Pradesh	11305841
36	Uttarakhand	316979
37	West Bengal	3762592
Total		48,042,720

Source: National Judicial Data Grid

MR. CHAIRMAN: First supplementary; Prof. Manoj Kumar Jha.

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, सभा पटल पर जो उत्तर रखा गया है, वह बहुत संतुष्टि नहीं देता है, थोड़ी निराशा भी देता है, लेकिन इसके हम साझीदार हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या किसी राज्य ने या केंद्र शासित प्रदेश ने आपके समक्ष रिक्रूटमेंट प्रोसेस में आने वाली दिक्कतों का कोई जिक्र किया है या डिले के बारे में आपके सामने अपनी दिक्कतों के संबंध में कोई ब्लूप्रिंट रखा है? अगर ऐसा है, तो क्या माननीय मंत्री जी और मंत्रालय इस पर थोड़ा प्रकाश डालेंगे?

Contents Page

श्री अर्जुन राम मेघवालः चेयरमैन सर, माननीय सांसद जी ने जो प्रश्न उठाया है, यह district judiciary में रिक्रूटमेंट से संबंधित है। मैं आपके माध्यम से माननीय सांसद जी को बताना चाहता हूं कि 16 राज्यों में स्टेट पब्लिक सर्विस कमीशन आर्टिकल 233 और आर्टिकल 234 के तहत एग्जाम लेती है, रिक्रूटमेंट करती है और शेष में हाई कोर्ट इस काम को करता है। मैं 2025 के आंकड़ों के अनुसार कह सकता हूं कि देश भर में District और Subordinate Courts में sanctioned strength 25,886 है। उनमें से 21,031 वर्किंग स्ट्रेंथ है और वैकेंसी 4,855 है। इन्होंने यह कहा है कि रिक्रूटमेंट में प्रॉब्लम आती है। एग्जाम लेने का काम, उनके रूल्स आर्टिकल 309 के तहत बनाने का काम 16 राज्यों में स्टेट पब्लिक सर्विस कमीशन करती है और शेष में हाई कोर्ट करती है। आपने जो चिंता प्रकट की है, तो मैं बताना चाहूंगा कि हम समय-समय पर स्टेट हाई कोर्ट्स को पत्र भी लिखते हैं और उनमें हम उनसे रिक्वेस्ट करते हैं कि vacancy status, timely co-ordinatation with the State Government and the State Public Service Commission को एनश्योर करें और जो bottlenecks आती हैं, उनको भी दूर करें। जहाँ तक शिकायतों का मसला है, वह Ministry of Law and Justice से संबंधित है। बिहार राज्य से भी एक शिकायत आई हुई है। हमने उसे उससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में जो कमिटी बनी हुई है, उसको भेज रखा है।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 2.00 p.m.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials *]*

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,

MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

GOVERNMENT BILL

The Central Excise (Amendment) Bill, 2025

MR. CHAIRMAN: Shri Pankaj Chaudhary to move a motion for consideration of the Central Excise (Amendment) Bill, 2025.

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँः

Contents Page

"कि केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम 1944 का और संशोधन करने के लिए विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

The question was proposed.

MR. CHAIRMAN: I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. Shri Pramod Tiwari. Time allocated to you is 15 minutes.

श्री प्रमोद तिवारी (राजस्थान): आदरणीय सभापति जी, इस विषय के महत्व को देखते हुए, मैं यह महसूस करता हूं और देश महसूस करता है कि पिछले 11 सालों से ज्यादा समय से, जब से मोदी सरकार आई है, प्रधान मंत्री जी कोई न कोई बहाना ढूंढते रहते हैं कि कैसे वे जनता की जेब से पैसा निकाल कर सरकारी राजकोष में भरें। यह उसी दिशा में उठाया एक कदम है।

महोदय, मैं तो सिर्फ इतना कहूंगा कि इसमें एक कोशिश की गई है कि बाहर से देखने में लगे कि जैसे तंबाकू का सेवन कम हो या सिगरेट का सेवन कम हो, परन्तु इरादा यह है कि स्टेट को, यह जो एक संघीय ढांचा है, उसमें ना जाकर, प्रदेशों को न मिले, सीधे देश में आए और इसीलिए यह अमेंडमेंट लाया गया है। मुझे इसमें सैद्धांतिक रूप से विरोधस्वरूप यह कहना है कि जो उपकर होता है, वह केंद्र सरकार के लिए एक नया बड़ा स्रोत के रूप में कार्य करता है। उपकर से राज्यों की राजकोषीय क्षमता और वित्तीय स्वायत्तता कम हो जाती है। गैर-साझाकरणीय उपकरों की ओर बदलाव से राजकोषीय प्रबंधन में पारदर्शिता कम हो जाती है। इसका मध्यम और लघु विनिर्माण इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे वे वित्तीय तनाव और विनियोग जोखिम के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। सभापति जी, आपका विशाल अनुभव है। इसमें सबसे खतरनाक बात यह है कि जो खुदरा दाम होता है, इससे उसमें बढ़ोतरी होती है, यानी खुदरा महंगाई बढ़ती है। यह उपकर का सबसे दोषपूर्ण तत्व है, जिसे मैं आपके सामने रख रहा हूं।

महोदय, मैं इस केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपना विरोध दर्ज करने के लिए इसीलिए खड़ा हुआ हूं, क्योंकि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की समय-सीमा समाप्त होने के साथ - यह महत्वपूर्ण है - एक स्थाई कर ढांचा प्रदान करना। तो एक परमानेंट स्ट्रक्चर बना दिया और वसूली होती रहेगी। इस बहाने से यह काम किया गया है। मैं इसका विरोध करता हूं। सरकार कह रही है कि यह विवेकपूर्ण और स्वास्थ्य के प्रति सचेत है। जैसा मैंने पहले कहा था – सचेत है, लेकिन इस विधेयक में कोई – यह बड़ा महत्वपूर्ण है - तंबाकू किसानों की एक बड़ी तादाद कई राज्यों में है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, सभी राज्यों में जो किसान तंबाकू की खेती से जुड़े हुए हैं, उनके बारे में मौन है। इसके साथ जो तमाम लेबर्स हैं, उनका क्या होगा? इसका अनौपचारिक क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस विधेयक के माध्यम से तंबाकू और तंबाकू से संबंधित उत्पादों पर उत्पादित शुल्क को संशोधित करना है। उसको संशोधित करके कम नहीं करना है, बल्कि उसको बढ़ाया जाना है। अब इसमें मैं एक figure देता हूँ। सिगरेट पर अब लंबाई और प्रकार के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट पर, यह मेजर है, बड़ा है, 27 रुपए से 11,000 रुपए तक का शुल्क लगेगा और जो

Contents Page

वर्तमान में 200 रुपए है, वह 735 रुपए के सीमा से काफी अधिक है यानी वर्तमान में जो बढ़ाया गया, वह कई गुना है।

अन्य निर्मित तंबाकू, जैसे जो सूरज की रोशनी में सुखा कर बनाया जाता है, उसका शुल्क 64 प्रतिशत से बढ़ कर 70 प्रतिशत हो जाएगा। यह जो सनलाइट में किया जाता है, वह तो गरीब और मध्यम वर्ग करता है। चबाने वाले तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 100 प्रतिशत कर दिया गया है यानी चार गुना बढ़ा दिया गया है और पाइप तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। पाइप तो कम लोग पीते हैं, शौकीन लोग पीते हैं, उस पर शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 40 प्रतिशत किया गया है और जो गरीब तथा मध्यम वर्ग यूज़ करता है, उस पर शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 100 प्रतिशत कर दिया गया है।

धूम्रपान मिश्रण और तंबाकू के अन्य विशेष रूपों पर सबसे अधिक बढ़ोतरी होगी तथा इस टैक्स को बढ़ा कर 60 प्रतिशत से 325 प्रतिशत किया जाना है। मतलब इसका कोई रेशियो नहीं है। सरकार है, कर सकती है। इसीलिए मेरा सुझाव था, पहले भी हम लोगों ने सुझाव दिया था, हर प्लैटफॉर्म पर दिया था, आपकी उपस्थिति में भी दिया था कि इसको एक स्थाई समिति के हवाले कर दिया जाए। वह इस पर विस्तार से चर्चा कर ले और इसका जो उद्देश्य है, उसको पूरा करने के लिए इस पैसे का उपयोग किया जाए। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य हो सकता है, इसके जहर से बचाना हो सकता है, जो लोग इससे प्रभावित हैं, उनका इलाज करना हो सकता है, इसलिए इस टैक्स का जो पैसा है, वह सीधे-सीधे उन पर खर्च हो। वह पैसा हॉस्पिटल में जाए, कैंसर के इलाज में जाए, पर ऐसा नहीं है। इसको स्थाई समिति को नहीं भेजा गया। मैं आज फिर यह माँग करता हूँ। आज सुबह ही आपने कहा है कि यह अधिकार सरकार को है कि वह जब चाहे, तब withdraw कर ले, इसलिए मैं पुरजोर माँग करता हूँ कि इसे स्थाई कमेटी को भेज दिया जाए, जिससे इसके माध्यम से जो वसूली हो, वह, जो इसका उद्देश्य है, जो इससे प्रभावित हैं, उन पर सीधे खर्च हो। मैं आपके माध्यम से सरकार से एक बार पुनः पुनर्विचार का आग्रह करता हूँ और यह अपील करता हूँ कि इसमें उनका ध्यान रखा जाए, जो ग्रामीण सीधे इससे जुड़े हैं, वह किसान है, मजदूर है। उनका हित रखा जाए।

सर, अब इसका एक खतरा भी है। नेपाल की सीमा लगी है, कई देशों की सीमा लगी है और यहाँ तो इतना गोला-बारूद आ जाता है, उस पर रोक नहीं है। दिल्ली में जो आया, वह कहाँ से आया, उसका आज तक नहीं पता, पहलगाम में आया, उसका पता नहीं है। इससे अनियमित और अवैध औजार, illegal entry और जो इसकी illegal marketing है, उसके बढ़ने का खतरा पैदा होगा just to save the taxation, तो इंडियन इकॉनमी पर इसका बहुत अच्छा प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है, बल्कि इससे यह बढ़ सकता है। जो छोटे निर्माता हैं, अनौपचारिक तंबाकू क्षेत्र के कर्मचारी, जैसे बीड़ी बनाने वाले भी संबंधित कर भार से असमान रूप से प्रभावित होंगे।

इस विधेयक में तंबाकू उत्पाद बढ़ाने की बात तो है, लेकिन तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। हो सकता है कि यह आपके मन में हो, पर यह इन राइटिंग नहीं है। इस एक्ट में कहीं यह स्पष्टीकरण नहीं है कि यह पैसा कहाँ जाएगा, किस चीज में खर्च होगा। महोदय, आपके माध्यम से मेरी पुरजोर अपील है कि इसका जो पैसा कलेक्ट करें, वह इससे प्रभावित लोगों के लिए खर्च होना चाहिए। आप यह सिर्फ पैसा कमा कर अपने टैक्स में मत

Contents Page

डालिए, क्योंकि इस टैक्स की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यदि आप उसको साल में खर्च नहीं कर पाएँगे, तो वह अगले साल carry on हो जाएगा। उपकर का यह advantage है।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि इसमें स्पेसिफिक होना चाहिए कि यह पैसा जो आएगा, वह इससे प्रभावित लोगों पर खर्च होगा, लेकिन मैंने अभी तक इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं देखा है। मैं फिर कहता हूँ कि इसके लिए आप एक कमेटी बना लें। आखिर क्या जल्दी है? आप बैठकर तय कर लें, एक महीने में उसकी रिपोर्ट आ जाए और अगले सेशन में यह आ जाए! दिखाने के लिए इसकी जो लेबलिंग है, उस लेबलिंग का उद्देश्य पूरा हो जाए, वरना फिर आम आदमी की जेब से, गरीब आदमी की जेब से पैसे निकाल कर इकट्ठा किया जाए, उसी दिशा में बढ़ा हुआ आपका यह एक और कदम है।

तंबाकू, सिगरेट, गुटखा और पान मसाला कौन लोग खाते हैं? मैं रिकमेंड नहीं करता कि लोग इनको खाएँ, लेकिन इनको ज्यादातर जो लोग खा रहे हैं, वे मिडिल क्लास और लोअर क्लास के हैं। इससे उनके ऊपर एक बोझ पड़ेगा। यह बिल जिस रूप में आया है, उस रूप में यह एंटी कॉमन मैन है। प्रश्न यह है कि क्या मूल्य-वृद्धि ही तंबाकू रोकने में सहायक होगा? आप सिर्फ कुछ परसेंट बढ़ा देंगे, तो क्या यह रुक जाएगा? ऐसा नहीं है। इसके लिए आपको एक व्यापक नीति पर चर्चा करनी होगी।

मैं आपको एक कॉमन एग्जाम्पल देता हूँ। शराब, तंबाकू, सिगरेट, इनका विज्ञापन न दिया जाए, यह सरकार की नीति है, लेकिन लोग क्या करते हैं? उनसे मिलते-जुलते उत्पाद ये ही कंपनियाँ खोल लेती हैं और उनका लुक भी वैसा ही होता है। पता लगा कि लीकर का प्रचार हो रहा है, शराब का प्रचार हो रहा है और कहीं छोटी सी सोडा की बोतल दिखाई जा रही है। इनके विज्ञापन पर कड़ाई से इस तरह से पालन हो कि जो उद्देश्य है, वह पूरा हो, वरना लोगों ने तो रास्ते ढूँढ़ लिए हैं, प्रचार होता रहा है, हो रहा है, होता रहेगा। ऐसे में सरकार का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अगर मकसद पवित्रता का है, समाज सेवा का है, उत्थान का है, तो वह परपज़ अचीव नहीं हो रहा है। परपज़ क्या अचीव हो रहा है? जो इनका इरादा है कि कई सौ परसेंट लेबलिंग करके बढ़ा दो और सीधे उसे सेंट्रल फंड में लाओ, स्टेट को उसका फायदा न मिल सके और फिर उसके बाद ये उन्हीं स्टेट्स को देंगे, जहाँ इनके मित्र हैं। मैं दूर तक इशारा कर रहा हूँ। जब स्मगलिंग होगी, तो कुछ एयरपोर्ट्स, जो बदनामशुदा हैं, कुछ बंदरगाह, जो बदनामशुदा हैं, जहाँ बड़ी-बड़ी रिकवरीज़ हुई हैं, जहाँ आजकल चेकिंग नहीं हो रही है, वे रास्ते लंबी सिगरेटों, तंबाकू आदि चीज़ों के लिए अपनाए जाएँगे।

मेरा बहुत साफ कहना है कि इसमें एक समग्र स्वास्थ्य सार्वजनिक नीति बनाने की आवश्यकता है और वह नीति सिर्फ सरकार बैठकर न बनाए। हम कहेंगे, हमारी बातें कितनी गंभीर हैं, सरकार इसी से अंदाजा लगा ले कि कैबिनेट मिनिस्टर, निर्मला सीतारमण जी खुद यहाँ उपस्थित नहीं हैं। उन्होंने हमारे दोस्त, हमारे भाई, उत्तर प्रदेश के हमारे बड़े पुराने साथी को यहाँ भेज दिया है। इनको यह बिल यहाँ रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन मैं जो सुझाव यहाँ दे रहा हूँ, उन पर उतनी ही गंभीरता से विचार होगा, जितना निर्मला जी के यहाँ रहने से होता? ये चाहेंगे, मेरी बात ये मान जाएँगे।

Contents Page

श्री पंकज चौधरी: मैं लिख रहा हूँ।

श्री प्रमोद तिवारी: आप नोट कर रहे हैं न, पर I am sure कि वह नोट पढ़ा नहीं जाएगा। फिर भी, मेरा काम कहना है, करना सरकार को है। मैं आपसे अनुरोध कर सकता हूँ। जब इन्होंने यह तय कर लिया है, तो कर लिया है। राज्य सभा में तो वैसे भी वित्तीय मामलों में हमारे सीमित अधिकार हैं।

एक खतरनाक बात है। मैं चाहता था कि इसका इसमें समावेश हो जाए। WHO की जो रिपोर्ट है, उस रिपोर्ट के अनुसार, 1.35 मिलियन, यानी 13.5 लाख लोग, यानी प्रति दिन लगभग 37,000 लोगों की इससे मौत हो रही है या वे इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह एक अच्छा प्रयास होता, अगर हम इसको मिल-जुलकर कर लेते, बैठकर कोई ऐसी नीति बना लेते कि इस कलंक से मुक्ति मिल जाती, पर नहीं पैसा इकट्ठा करना है और कोई उद्देश्य नहीं है। यह फेल्योर है। मैं गुजरात के तत्कालीन मुख्य मंत्री जी, नरेन्द्र मोदी जी से अपने को संबद्ध करता हूँ।

उन्होंने जीएसटी को इस रूप में लाने का विरोध किया था। मेरे ख्याल से मेरे मित्र जयराम रमेश जी यहां बैठे हैं वे भी जानते हैं। एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा का विरोध मोदी जी ने गुजरात के मुख्य मंत्री के रूप में किया था, लेकिन आज प्रधान मंत्री के रूप में वही सरकार दोहन का, वसूली का, खजाना भरने सबसे बड़े स्त्रोत के रूप में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। जीएसटी मुआवज़ा स्टेट्स को नहीं मिल रहा - यह शिकायत अधिकांश मुख्यमंत्रियों की रहती है।

यह विधेयक पूरी तरह अलोकतांत्रिक कार्यशैली, सत्ता का विकेंद्रीकरण और विज्ञापन-आधारित निर्णय प्रक्रिया को करने के अलावा कुछ नहीं है। मैं साफ कर दूं कि तम्बाकू की कमाई से देश नहीं चलता। तम्बाकू पर टैक्स बढ़ाकर, उससे पैसा वसूल कर खजाना बढ़ाना एक बात है, लेकिन मैं ज़ोर देकर, दोहराकर, बलपूर्वक कहना चाहता हूं कि ऐसा टैक्स, ऐसा राजस्व केवल और केवल स्वास्थ्य पर ही खर्च होना चाहिए। इसमें इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है, यही इसकी सबसे बड़ी कमी है।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री प्रमोद तिवारी: इस पर सरकार को कानूनी तौर पर legal guarantee देनी चाहिए थी कि जो राजस्व आएगा, वह इस उद्देश्य के लिए खर्च होगा, जो यह सरकार नहीं कर रही है।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री प्रमोद तिवारी: मेरे लिए आखिरी उम्मीद की किरण आप हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप इस सरकार को निर्देशित करें कि जो टैक्स वसूली होगी, वह उन विकृतियों को...

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

Contents Page

श्री प्रमोद तिवारी: आपके आदेश का पूर्णत: पालन करते हुए मैं conclude कर रहा हूं। आप मेरी एक बात मान लीजिए और इनसे कह दीजिए कि ये इस टैक्स वसूली से आने वाले राजस्व को सिर्फ हैल्थ सेक्टर पर खर्च करें।

श्री सभापति : श्रीमान अरुण सिंह जी।

श्री अरुण सिंह (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मैं केंद्रीय उत्पाद-शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 के समर्थन में अपनी बात रखने हेतु खड़ा हूं। यह विधेयक बहुत सोच-समझकर लाया गया है। सितम्बर में जब Next Gen GST आया, तो चार स्लैब्स को घटाकर दो किया गया। साथ ही जो वस्तुएं स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक हैं, उन्हें 28 परसेंट से बढ़ाकर 40 परसेंट तक higher slab में रखा गया। उस समय यह भी तय हुआ कि पांच वर्ष पहले जो कम्पन्सेशन सेज़ लगाया गया था उसे समाप्त कर, उसकी जगह एक्साइज़ ड्यूटी लगाई जाएगी। 2017 से पहले अनेक कर थे - वैट, एंटरटेनमेंट टैक्स, एंट्री टैक्स आदि। ऐसे अनेकों टैक्स थे, लेकिन जीएसटी आने के बाद उस समय यह तय हुआ कि या तो जीएसटी लगेगा और कुछ वस्तुएं हैं, जिन पर एक्साइज़ ड्यूटी लगेगी, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, sin goods की श्रेणी में आती हैं। चूंकि जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों ने आशंका जताई कि उन्हें राजस्व का नुकसान होगा। इसीलिए केंद्र सरकार ने निर्णय लिया कि पांच वर्ष तक कंपेंसेशन सेज़ से जो भी राशि प्राप्त होगी, वह राज्यों को दी जाएगी। 2022-23 तक कुल 5,55,121 करोड़ रुपये विभिन्न राज्यों को दिए जा चुके हैं। यह बात प्रमोद तिवारी जी समझ लें कि तम्बाकू, सिगरेट जैसी हानिकारक वस्तुओं से कलेक्ट किया गया जो टैक्स है, वह 5,55,121 करोड़ रुपये सीधे राज्यों को दिया गया है। आगे दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि में और राशि जुड़ जाएगी।

दूसरी बात, जो राज्यों को हिस्सेदारी देने की बात आती है, तो मैं बताना चाहता हूं कि 14th Finance Commission में recommendation आई कि राज्यों को और पैसा मिलना चाहिए। यूपीए की सरकार के इतने सालों तक शासन करने के बावजूद कुल टैक्स कलेक्शन का 32 परसेंट राज्यों को मिलता था। Finance Commission की रिपोर्ट आने के बाद हमारी सरकार ने यह हिस्सा 32 परसेंट से बढ़ाकर 42 परसेंट कर दिया। इनके शासनकाल में जहां राज्यों को 3,37,000 करोड़ रुपये मिलते थे, वहीं आज मोदी जी की सरकार के समय 23,48,000 करोड़ रुपये राज्यों को देने का कार्य किया गया है।उसी से राज्य सरकारें फलफूल रही हैं और विकास का काम हो रहा है। यह विधेयक बहुत सोच समझ कर लाया गया है। प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि 'आरोग्यं परमं भाग्यं'। हरेक व्यक्ति को स्वस्थ रहना चाहिए और स्वस्थ रहने के लिए जो कुछ भी करना हो, उसके लिए मोदी सरकार काम कर रही है। सर, बिल में यह भी ध्यान दिया गया है - जैसे उदाहरण के रूप में मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो अमीर लोग हैं, जिनके पास अधिक पैसा होता है, उन पर अधिक टैक्स लगाया जाए। जैसे – जो पाइप से तम्बाकू का सेवन करते हैं, उन पर 325 परसेंट एक्साइज़ ड्यूटी लगाई जाएगी, वहीं बीड़ी पर तभी एक्साइज़ ड्यूटी लगाई जाएगी, अगर बीड़ी को मशीन के माध्यम से मैन्युफैक्चर करते हैं। यदि बीड़ी हाथ से बनाते हैं, तो

Contents Page

उस पर कोई एक्साइज़ ड्यूटी नहीं लगेगी। इस बात को समझ लेना चाहिए। वैसे ही सिगरेट के बारे में कहना चाहता हूं। सिगरेट में देखें, तो जो 70 मिलिमीटर तक की सिगरेट है, उस पर 7 हजार per thousand sticks लगेगा और जो सामान्य वर्ग सिगरेट पीता है, उसको भी नहीं पीना चाहिए, अगर पीता है, तो उस पर 2,700 रुपये per thousand sticks लगेगा। इस प्रकार का rationalization किया गया है कि टैक्स के माध्यम से अधिकतम मार अधिक इनकम वालों पर होनी चाहिए। दूसरा, जो मध्यम लोग हैं, उन पर कम टैक्स रखा जाएगा, इसलिए इसमें इस बात का ध्यान दिया गया है।

सर, जहां तक स्वास्थ्य की बात है, तो हमें कांग्रेस से सीखने की जरूरत नहीं है। प्रधान मंत्री जी ने जब 2014 में सत्ता संभाली थी, तो व्यक्ति स्वस्थ कैसे रहे, उसके बारे में चिंता की। उन्होंने सबसे पहले 'उज्ज्वला गैस कनेक्शन' को लॉन्च किया, जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहिए, क्योंकि लकड़ी से खाना बनाते हैं, तो 400 सिगरेट के बराबर उसका धुआं उनके फेफड़ों के अंदर जाता है। ये प्रधान मंत्री जी हैं, जिन्होंने उज्ज्वला गैस कनेक्शन शुरू किया और देखते-देखते 10 करोड़ से अधिक लोगों के घरों में आज गैस कनेक्शन है। दूसरा, गांव में जाते थे, तो वहां पर टॉयलेट्स नहीं होते थे। टॉयलेट्स न होने की वजह से कितनी बीमारियां होती थीं, तो व्यक्ति कैसे स्वस्थ रहेगा। प्रधान मंत्री जी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत की। आज हर गांव में 12 करोड़ से अधिक टॉयलेट्स बने हुए हैं, जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहे। तीसरा, व्यक्ति स्वस्थ कैसे रहे? जब सिगरेट की बात आती है, तम्बाकू की बात आती है, तो मैं जरूर बताना चाहता हूं कि आज़ादी के बाद कांग्रेस ने इतने समय शासन किया, लेकिन इन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि व्यक्ति को शुद्ध पीने का पानी मिलना चाहिए। आधी बीमारियां contaminated water से होती हैं, जिसमें iron और oxide होता है। जब उस पानी को पीते हैं, तो व्यक्ति बीमार रहता है। इन्होंने कभी भी इस बारे में नहीं सोचा। कांग्रेस के इतने साल शासन करने के बाद केवल तीन करोड़ घरों में ही नल से जल पहुंचा था, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने 'जल जीवन मिशन' लॉन्च किया और आज 3 करोड़ घरों से बढ़कर 15 करोड़ घरों में स्वच्छ पीने का पानी पहुंच रहा है और वह भी टंकी के माध्यम से RO water पहुंच रहा है। व्यक्ति कैसे स्वस्थ रहे? यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाए, तो उसको सस्ती दवाई मिलनी चाहिए। इनके समय में कोई भी जन-औषधि केन्द्र नहीं था। इनके समय में केवल दो-चार केन्द्र ही रहे होंगे, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हमारा गरीब स्वस्थ रहना चाहिए, तभी जाकर जीडीपी में उसका कंट्रीब्यूशन होगा। उन्होंने 'प्रधानमंत्री जन-औषधि केन्द्र' खोला और प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र पर दवाइयां 50 परसेंट, 80 परसेंट, 90 परसेंट सस्ती मिलती हैं। देशभर में केवल एक-दो हजार जन-औषधि केन्द्र नहीं खुले हैं, बल्कि आज देशभर में 16,800 जन-औषधि केन्द्र खुले हैं, जहां 80 परसेंट दवाइयां सस्ती मिल रही हैं और 25,000 जन-औषधि केन्द्र खुलेंगे।

सर, वैसे ही व्यक्ति और स्वस्थ कैसे रहे। देश की आज़ादी के बाद मेडिकल कॉलेज बहुत कम थे। पहले 387 मेडिकल कॉलेज थे, तो उसमें से कितने डॉक्टर निकलेंगे। गांव में डॉक्टर ही नहीं होते थे। अगर कोई बीड़ी, तम्बाकू खाकर बीमार हो जाता था, तो उसको देखने वाला कोई नहीं होता था। आज 387 से बढ़कर 818 मेडिकल कॉलेज पूरे देश में खुल गए हैं।

Contents Page

अब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश भर में 7 एम्स की जगह 26 एम्स खुले हैं। गाँव-गाँव में आरोग्य मंदिर होना चाहिए – मैं इसी संदर्भ में पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी ने इतने साल शासन किया, क्या इन्हें यह सोच नहीं आई कि Wellness Centre होना चाहिए। बेचारा गरीब अपना इलाज कराने के लिए कहाँ जाए? वह तभी इलाज करा सकता था, जब या तो जमीन बेचे या उधार ले, नहीं तो इलाज नहीं करा सकता था। आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पंचायतों में जन आरोग्य मंदिर खुल रहे हैं और पूरे देश भर में 1 लाख, 78 हज़ार जन आरोग्य मंदिर खुल चुके हैं। इनसे लोगों का इलाज हो रहा है और लोग स्वस्थ हो रहे हैं।

महोदय, हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे अनेक इनिशिएटिव्ज़ लिए हैं out-of-pocket health expenditure 2013-14 में, हेल्थ के लिए पहले जो एक्सपेंडिचर होता था, मैं उसके लिए बताना चाहूंगा कि NFHS की एक रिपोर्ट है, जिसके अनुसार यह पहले 62.6 परसेंट खर्च होता था, लेकिन आज 39.4 परसेंट out-of-pocket health expenditure खर्च होता है।

सर, हम जानते हैं कि WHO की यह रिपोर्ट है कि जब टैक्स के माध्यम से 1 रुपया कलेक्ट करता है, तो उसके 8.16 पैसे related health disease में खर्च होते हैं। व्यक्ति स्वस्थ रहे, अगर वह बीमार हो तो किस प्रकार से स्वस्थ रहे - ये सारी योजनाएं लाकर, हम इस बात की पूरी चिंता कर
रहे हैं।

महोदय, हम सब चाहते हैं कि नशामुक्त भारत रहे और यही टारगेट भी रखा गया। हम इस टारगेट को, जो अभी रखा गया है, उसको धीरे-धीरे कम करने का काम करेंगे। सर, GATS (Global Adult Tobacco Survey) की एक पुरानी रिपोर्ट है। GATS, जिसको Global Adult Tobacco Survey कहते हैं, इस रिपोर्ट में बताया गया कि तम्बाकू सेवन 2009-10 से धीरे-धीरे घटकर 34 परसेंट से 28 परसेंट पर आ गया है। यानी तंबाकू के कारण बीमार होने वालों की संख्या 6 परसेंट कम हो गई है और अभी latest report भी आने वाली है। महोदय, 13-15 साल की उम्र के जो बच्चे होते हैं, उनमें जो नशा करते थे, वे 14 परसेंट बच्चे करते थे, लेकिन अब वह आंकड़ा धीरे-धीरे 8.5 परसेंट हो गया है और उसमें भी धीरे-धीरे अभी और कटौती हो रही है। सर, एक टारगेट, 38 परसेंट को percentage-wise 43 per cent कम करने का भी है। सरकार ने इसको भी अपने लक्ष्य में शामिल किया है।

महोदय, मैं एक और चीज़ बताना चाहूंगा। जब next-gen reform आया, तो यह भी बात हुई कि सभी के पास health insurance होना चाहिए, health insurance policy पर टैक्स नहीं लगना चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 परसेंट जीएसटी लगता था, लेकिन लोगों की इतनी बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने निर्णय लिया कि सभी अपना हेल्थ इंश्योरेंस कराएँ, इसलिए जो 18 परसेंट जीएसटी लगता था, उस टैक्स को हमारी सरकार ने 18 परसेंट से घटाकर सीधे जीरो परसेंट जीएसटी पर लाने का काम किया।

महोदय, 33 life-saving drugs, जिन पर 12 per cent GST लगता था, हम उस टैक्स को सीधे जीरो परसेंट पर ले आए। ...(**व्यवधान**)... मैं आपके समय की दो-तीन बातें बता दूंगा, जो

Contents Page

आपको अभी ध्यान आ जाएंगी। ...(**व्यवधान**)... सुन लीजिए। सर, मैं next-gen GST की बात कर रहा हूं कि जब यूपीए की सरकार थी, तब shampoo, hair oil, toothbrush, shaving cream आदि उत्पादों पर पूरा टैक्स मिलाकर 30 परसेंट लगता था, लेकिन हमारी सरकार ने इसको 5 परसेंट कर दिया और ऐसा करके करोड़ों लोगों को लाभ देने का काम किया।

महोदय, बच्चों की पढ़ाई से संबंधित जो pencil, eraser, books आदि चीज़ें हैं, जिन पर आपके समय में टैक्स लगता था, उसे जीरो परसेंट करने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। इसलिए, जब आपने कहा है, तो आप सुनिए, मैं आपको और बताता हूं। महोदय, सीमेंट आदि को मिलाकर ऐसी अनेक वस्तुएँ हैं, जिन पर इनके समय में 30 परसेंट टैक्स लगता था, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने उसे सीधे 18 परसेंट कम किया है। इसी प्रकार से TV है, fridge है, AC है, जब कांग्रेस की यूपीए सरकार थी, तो VAT के माध्यम से, अनेक टैक्स के माध्यम से टीवी, फ्रिज़, ए.सी. – ये आजकल हर घर में होते हैं - उस समय इन पर 30 परसेंट टैक्स लगता था, लेकिन हमारी सरकार ने next-gen GST reform में इसको 18 परसेंट तक कर दिया, यानी लोगों को सीधे 12 परसेंट का लाभ दे दिया। इसीलिए पूरे देश में जीएसटी वचत उत्सव मनाया गया।

महोदय, कौन सोच सकता है कि देश के प्रधान मंत्री जी किसी दुकान पर जाएं, दुकानदार को गुलाब का फूल देने का काम करें और गुलाब का फूल देकर यह कहें कि जीएसटी के दाम में जो कटौती हुई है, उसको आप भी लोगों को लाभ देने का काम कीजिए। मैं देश भर के करोड़ों दुकानदारों को धन्यवाद देना चाहूँगा कि जीएसटी में जो कटौती की गई है, उन्होंने उसे सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को लाभ देने का काम किया है। इस अभियान को सभी मंत्रियों, विधायकों और सांसदों ने अपने हाथों में लिया और पूरे देश भर में जीएसटी बचत उत्सव मनाया गया। इसके लिए कोटि-कोटि लोग प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देने का काम कर रहे हैं।

सर, जब जीएसटी आया था, तब ये लोग उसे गब्बर सिंह टैक्स कहकर बदनाम करने का काम करते थे। आप देखिए, जहाँ इनके समय में पूरा टैक्स कलेक्शन 5,44,000 करोड़ रुपये होता था, वहाँ अब जीएसटी में यह 5,44,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 22,00,000 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें से बहुत बड़ी धनराशि - 42 प्रतिशत धनराशि राज्यों को भी दी जा रही है।

सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। इन्होंने एमएसएमई की बात की, तो अब आप इस संबंध में भी सुन लीजिए। जहाँ 2017 में केवल 65 लाख रजिस्टर्ड युनिट्स थीं, वहाँ आज रजिस्टर्ड युनिट्स की संख्या 65 लाख से बढ़कर दो गुना नहीं, बल्कि 1,51,00,000 हो गई हैं। यह जीएसटी ने किया है। इसका मतलब कि ग्रोथ तो हो रही है, तभी भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन पाया है। हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर जाने वाले हैं। तो ग्रोथ तो चारों दिशाओं में हो रही है।

महोदय, हम चाहते हैं कि नशामुक्त भारत बने, टैक्स नहीं लगे, फिर भी जब टैक्स लगाते हैं, तो तम्बाकू से लेकर इस प्रकार के पदार्थों पर टैक्स लगाकर अस्पताल बनेंगे, लोगों के इलाज के लिए पैसा खर्च होगा। इन सब चीज़ों पर पैसा खर्च होगा।

MR. CHAIRMAN: Arun Singh ji, please conclude.

Contents Page

श्री अरुण सिंहः सर, लास्ट में मैं एक बात और बताना चाहूँगा। सर, जो कट तम्बाकू है, उस पर बहुत कम टैक्स लगाया गया है। जब इस पर एक्साइज़ ड्यूटी लगाई गई, आप वे आँकड़े देखेंगे, तो जहाँ ज़र्दा पर 100 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, वहाँ कट तंबाकू जैसी वस्तुओं पर मात्र 10 प्रतिशत टैक्स लगाया है। इस बात का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री अरुण सिंहः मैं पुनः वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी को हार्दिक धन्यवाद देते हुए, इस बिल का समर्थन करता हूँ।

MR. CHAIRMAN: Now, Shrimati Sagarika Ghose.

SHRIMATI SAGARIKA GHOSE (West Bengal): Thank you, Mr. Chairman, Sir. On behalf of the All India Trinamool Congress Party, I rise to speak on the Central Excise (Amendment) Bill, 2025. Sir, this is the first time I am speaking when you are in the Chair. So, I take this opportunity to convey my greetings to you from all of us.

Sir, a brief word on procedure. Today, the Supplementary List of Business was given to us just 30 seconds before the House started. The House started at 11.00 a.m. and the Supplementary List of Business arrived just a few seconds before the House started. What kind of procedure is this? If you do not give us any time to study the Bills, how can we prepare ourselves for substantive interventions during the discussion in the House? This procedure must be introspected upon by the Government.

Sir, the Central Excise (Amendment) Bill, 2025 revises taxes and cesses on tobacco and tobacco products. There is no doubt that it is an extremely important Bill. It is actually crucial from a public health standpoint because higher taxes may, and, I use the word 'may' advisedly, discourage tobacco consumption. The use of tobacco and tobacco products results in mouth cancer, lung cancer and other fatal cancers. There were over 15 lakh cases of cancer across the country in 2024 alone. With regard to oral cancer, there were 1,30,000 new male cases in 2024, according to the Indian Council of Medical Research. Lung cancer cases are projected to increase from 63,708 cases in 2015 to 81,219 cases in 2025. Most of the patients, when they come with these forms of cancer, come with an advanced form of the diseases, and, 80 to 85 per cent of the cases are incurable, causing nearly 60,000 deaths from lung cancer alone. Yet, the point must be made that even if you increase taxes on tobacco and tobacco products, what are you doing from the public health policy point of view to raise awareness and disseminate urgent information on the harmful effects of consuming tobacco? What are you doing from the public health perspective because

Contents Page

just by raising taxes, it is not going to discourage people from smoking or consuming tobacco products? People who are addicted to tobacco, who consume tobacco products, will consume them anyway, even if you keep raising taxes. We have seen that the Government is not taking any steps to control the *pan masala,* and tobacco advertisements are being done by celebrities and influencers across media. What is the Government doing to control these kinds of advertising? If you keep raising taxes, but do not do anything for health, people are still going to consume tobacco, whether you raise taxes or not. You claim that increasing taxes on tobacco discourages consumption, but public health allocation details are missing. Global best practices show that tobacco taxes are most effective only when paired with strong public health interventions. Therefore, this Bill is a revenue move. It is a pure and simple revenue move. It is not a public health reform. This is a revenue move to profiteer on taxes. It is not a public health reform.

Sir, ours is a federal system of governance, and the cornerstone of the federal polity is transparency in allocation of tax revenues. Taxes are shared with States, but cess is not. Cess revenue is not shared with States. In cess, the Centre retains more revenue while the States get less. This raises important questions on fiscal centralization and reduced autonomy of States. In this Bill, there is no clarity on long-term revenue sharing or impact on States which undermines trust in the tax-cess restructuring. In 2012, cess formed 7 per cent of the Union Government's total tax revenues. In 2025, cess is estimated to be about 20 per cent of the Union Government's total tax revenues. This means that for every 100 rupees, the Union Government earns rupees 20 via cess. A Controller and Auditor General report exposed that in 2018-19, the Union Government withheld one lakh crore of the 2.75 lakh crore collected through various cesses in the Consolidated Fund of India or the CFI. Rupees 10,000 crore of the road and infrastructure cess collected during the year was, I quote, "neither transferred to the related reserve fund nor utilized for the purpose for which the cess was collected." More alarmingly, Rs. 1.24 lakh crore collected as cess on crude oil in the past one decade had not been transferred to the designated reserve fund, Oil Industry Development Board, and was retained in CFI. The report further states that "non-creation, non-operation of reserve funds makes it difficult to ensure that cesses and levies have been utilized for the specific purposes intended by the Parliament". What are the cesses and levies being used for? Where is transparency? Where is accountability on the part of the Central Government in the cesses and levies that it is collecting? In the early 1980s, the Sarkaria Commission recommended that cesses and surcharges should be levied for a specific period only

Contents Page

and for a limited time period only. In 2010, the Punchhi Commission stated that extension of cesses and surcharge amounts to dilution of the recommendations of the Finance Commissions and deprive the States of their due share in central tax revenue. Rupees 5.7 lakh crore of cess and surcharge has been lying unutilized since 2019.

Sir, the Bill's tax-cess structure centralizes revenue with the Union Government and reduces potential revenue for the States. It lacks transparency in how the cess will be used, raising extremely grave and serious concerns about federalism and the dues of States as well as accountability of the Central Government. We know that this Government does not practise cooperative federalism; it practises discriminatory federalism. There is no accountability on how the cess will be shared. The sharp excise hike in the Bill will hit the poorest producers first. These are small farmers, beedi units and tribal communities. The Bill raises excise on all unmanufactured tobacco from 64 per cent to 70 per cent, increasing input costs for small producers and pushing thousands of MSMEs and beedi manufacturers into distress. For Adivasi tendu leaf collectors, women beedi rollers and small growers across Bengal, Odisha, Jharkhand and Bihar, this translates into direct income loss and a serious blow to their traditional livelihoods.

Excise duty accounts for five per cent of the Union Government's revenue. As per the RBI, the divisible pool between the States and the Centre has shrunk from 89 per cent of gross tax revenue in 2011 to 79 per cent in 2021. This despite the ten per cent increase in tax devolution to States as recommended by the 14th Finance Commission.

There is no transparency in this Bill on how revenues are going to be shared between the States and the Centre. This is a Bill which is going to increase fiscal centralisation. It is going to deprive the States of revenue. It is going to deprive the States of autonomy. It is increasing the unaccountable Centre's powers over monopoly of tax revenues, monopoly of cess.

[&] Lastly, Sir... let me speak a little in Bengali. I know that the Central Government does not understand Bengali. Still, let me speak in Bengali. I am speaking in Bengali, but when I speak in Bengali, perhaps they will call me 'Bangladeshi'. Because they call the Bengali language the 'Bangladeshi language.' The Delhi Police under the Central Government has stated in a notice that there is a language called 'Bangladeshi,' you know. They are saying there is a 'Bangladeshi' language, that migrant workers supposedly speak the 'Bangladeshi' language. I am speaking in Bengali; perhaps they will call me Bangladeshi and drive me away.

[&] English translation of the original speech delivered in Bangla.

Contents Page

Anyway, Sir, those who are workers, those who work in tobacco factories, those who work in homes, all of them, they all want one thing, Sir: 'wages'. They should receive wages every month. If they don't get wages, how will the household run? How will they raise their children? How will they eat? How will they send their children to school? What will they do without wages, Sir? What will the workers do if they are not getting wages? Sir, MGNREGA workers in Bengal have not received their wages since 2022. Nearly two lakh crore rupees are due to the State of West Bengal from the Union Government across various schemes. Sir, why are you holding back Bengal's money? Why are you depriving Bengal? Stop the humiliation of Bengal! Why have you kept Bengal's money held up?

Sir, this Government is withholding the MGNREGA workers' wages. People are suffering because this Government has not released the wages of MGNREGA workers. Stop this neglect of Bengal. Stop the humiliation of Bengal! Thank you, Sir. Vande Mataram! Jai Hind! Joy Bangla!

SHRI R. GIRIRAJAN (Tamil Nadu): Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on this Bill. I rise to speak on the Central Excise (Amendment) Bill, 2025. It has been stated in the Statement of Objects and Reasons that with the introduction of GST, the Central Excise Act was repealed by Section 174 of the Central GST Act, exceptin respect of goods listed under the entry 84 of List I of the Seventh Schedule to the Constitution. This includes tobacco and tobacco products. It is the GST Council's decision to discontinue the compensation cess on all goods except tobacco and to transition to a two-rate GST structure while reserving a 40 per cent slab for ultra luxury and sin goods.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*.)

If enacted, the Bill will replace the GST compensation cess on tobacco with a Central excise duty, allow the Centre to revise excise rates to match current local overall taxation levels, ensure revenue neutrality by keeping the tax burden on sin goods unchanged, create a permanent taxation structure instead of a temporary cess, and maintain tobacco under the highest GST bracket of 40 per cent once the rationalized slabs come into effect. In any case, we are opposed to cess because it is wholly consumed by the Central Government. States do not get any part of it.

Sir, we all know for a fact that tobacco addiction is a major problem in our country today. Several lakhs of people especially youth die every year due to tobacco addiction. The Union Government, rather than taking serious measures to prevent the

Contents Page

sale of harmful products like cigarette, pan masala and tobacco products, imposing additional taxes on their manufacturing machinery and production methods, it is not only inappropriate but also a highly irresponsible action. If prices go up because of this increasing excise duty, will it not lead to counterfeiting? Will it not lead to black-market? If you keep on increasing taxes, compliance goes down. Beyond this, it will actually lead to more black-marketing. It will only lead to more avoidance of tax as opposed to revenue collection.

Sir, the middle class, all over the country, is very unhappy that they are paying the majority of the taxes but they are not getting any tax deduction. Inflation is high; cost is high. Student fees have gone up; living cost has gone up, but quality of life in cities remains poor. India is the only country where the super rich and super tax payers have several concessions but the individual salaried class is penalized more than they can bear.

A higher share of cesses and surcharges restricts the fiscal space available to the States by reducing the divisible tax pool. This undermines federal fiscal equilibrium and may impair States' ability to invest in essential public services like education, health and family welfare. States like Tamil Nadu have demanded a cap on these levies and that any excess collections can be added to the divisible pool to ensure fairer revenue distribution. The Centre's fiscal constraints and lack of transparency and vagueness in the collection and disbursement of cesses have been the real concern.

Sir, our leader, Mr. M.K. Stalin, pushed the need for devolving, at least, 50 per cent of the divisible pool to the States, including all non-tax revenues in the divisible pool of taxes, through a constitutional amendment or increase the share of the States in the divisible pool to compensate for the loss. Tamil Nadu's share has reduced from 15.25 per cent in Income Tax and 16.44 per cent in Union Excise Duties to 4.079 per cent despite Tamil Nadu representing 6.12 per cent of the country's population since the First Finance Commission.

Sir, cess and surcharge constitute 23 per cent of the Union's Gross Tax Receipts but are excluded from the divisible pool, limiting States share to 32 per cent of total tax revenue, much below the 41 per cent recommended. This amounts to revenue disparity. Industrial States receive less than a rupee for every rupee contributed to Central taxes, while less developed States like Uttar Pradesh and Bihar receive more. Under-developed States need support; over-allocating funds to them at the expense of developed States could harm national development. Balancing equity and federalism requires reforms in revenue sharing, ensuring that States

Contents Page

contribute to and benefit from national development while preserving their financial autonomy. Sir, *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Girirajanji, this is on Central Excise. Please!

SHRI R. GIRIRAJAN: Yes, yes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You know it; you are a very senior Member. Speak on the subject. Only that will go on record.

SHRI R. GIRIRAJAN: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the subject.

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, we are talking about GST.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the subject. This is related to Central Excise.

SHRI R. GIRIRAJAN: We are asking for our share. We are asking for our real share. We are expressing our concern.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You give notice. This can be discussed under other instrument.

SHRI R. GIRIRAJAN: I would finish it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please.

SHRI R. GIRIRAJAN: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please confine to the subject.

SHRI R. GIRIRAJAN: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Girirajan*ji*, please confine to the subject.

SHRI R. GIRIRAJAN: Sir, I would finish it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; you have time.

---

* Not recorded.

Contents Page

SHRI R. GIRIRAJAN: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please confine to the subject.

SHRI R. GIRIRAJAN: I would conclude. *Lastly, Sir, the Union Government has brought a law for prohibition of smoking in public places. I would like to urge this Government that tobacco consumables also should be prohibited. Only that would be good for the nation. Thank you for the opportunity, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I would again request to all upcoming speakers, the subject is "Central Excise (Amendment) Bill, 2025. Confine to the subject only. ...*(Interruptions)*... I would request you to go to your places. Dr. Sandeep Kumar Pathak, please.

DR. SANDEEP KUMAR PATHAK (Punjab): Sir, the proposed law aims to amend the Central Excise Act, 1944. Basically, this Act is just to re-organize the taxation which is already ongoing. सर, इसमें समझने वाली बात यह है कि पहले यह जीएसटी में जिस कैटेगरी में था, जीएसटी की उस कैटेगरी में चेंज हुआ। चेंज होने के बाद इस पर जो सेस लगाया गया था, उस सेस को विद्ड्रॉ करके यहाँ पर एक्साइज़ के रूप में एडिशनल टैक्स लगाया जा रहा है। इसके बारे में जो कई सारे डाउट्स थे कि ओवरऑल टैक्सेशन में जो अमाउंट है, क्या वह इनक्रीज होगा, उसके बारे में ऑनरेबल फाइनैंस मिनिस्टर ने एक्सप्लेन किया और क्लेरिफाई किया। उन्होंने निचले सदन में, लोक सभा में यह स्पष्ट किया है कि उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सर, आज हम ऐसे महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा कर रहे हैं, जिस पर कोई राजनीति नहीं हो सकती है, क्योंकि यह लाखों, करोड़ों लोगों की हेल्थ से संबंधित है, लाखों, करोड़ों लोगों की livelihood से संबंधित है और सरकार को भी इससे बहुत बड़ा chunk of revenue जनरेट होता है। इसलिए यह एक ऐसा कॉम्प्लेक्स सब्जेक्ट है, जिस पर आज तक किसी भी सरकार ने अपना विज़न स्पष्ट और क्लियर नहीं किया है। इनफैक्ट अगर मैं किसी से यह पूछूँ कि आपका विज़न क्या है, क्या टोबैको यूज़ होना चाहिए या पूरी तरीके से बैन होना चाहिए, होना चाहिए, तो कैसे रेगुलेट होना चाहिए? किसी के पास इसका एक constructive answer नहीं है।

सर, सबसे पहले तो मेरा आपके माध्यम से ऑनरेबल मिनिस्टर से यह प्रश्न है कि आपका विज़न क्या है? क्या आप टोबैको और टोबैको रिलेटेड प्रोडक्ट्स को आने वाले फ्यूचर में धीरे-धीरे करके बंद करना चाहेंगे और लाखों लोगों के जीवन को बचाना चाहेंगे या फिर आप जो अमाउंट ऑफ टैक्स जनरेट करते हैं, वह आपकी खुशी का एक कारण है, जोकि लगभग 3 per cent of your total revenue generation है? यह इतना बड़ा अमाउंट है और यह लाखों लोगों को जॉब भी देता है। लाखों लोगों को जो जॉब्स मिल रहे हैं, वह, प्लस जो रेवेन्यू है, अगर वह हेल्थ कंसर्न्स को ओवरराइड कर रहा है, तो इसको हमें dissect करना चाहिए और इसको बहुत thoroughly

* Not recorded.

investigate करना चाहिए। इसलिए मैं यही जानना चाहूँगा कि आपका विज़न क्या है? अगर सरकार का विज़न यह है कि वह हेल्थ कंसर्न को सामने रखती है और जनता की हेल्थ को प्राइमरी समझती है और टैक्स के माध्यम से जो रेवेन्यू जनरेट होता है, वह important नहीं है, तो वह इसको स्पष्ट करे और measurable outcome के माध्यम से साल-दर-साल उसको फिर मेज़र करे। अभी जो देखने में लगता है, hon. Deputy Chairman, Sir, it is very difficult to understand कि सरकार का ध्यान हेल्थ के ऊपर है, क्योंकि अगर आप हेल्थ में देखें, तो लगभग 30 परसेंट यूथ्स ऐसे हैं, जो टोबैको कंज्यूम कर रहे हैं। अगर कैंसर का डेटा ले लीजिए, तो पाएँगे कि 70 परसेंट कैंसर tobacco-related हैं। इनमें से about 40 per cent to 50 per cent deaths कैंसर से associated हैं। यह तो बड़ी बीमारी हो गई। अगर छोटी बीमारी को लें, तो जो इसको कंज्यूम करते हैं, उनमें यह बहुत widespread है, उनमें यह बहुत बुरे तरीके से फैला हुआ है। इसके कारण जो इकोनॉमिक लॉस है, वह अबाउट 2 लाख करोड़ के आसपास है, which is massive. Now, if you compare the revenue generation *versus* the economic loss because of various other parameters, then, you are in no gain situation. It is like loss. It is loss in every other term.

ऑनरेबल चेयर सर, एक प्रश्न यह सामने आता है कि बैन करने से क्या इसका समाधान निकलेगा और क्या इसको पूरे तरीके से बैन किया जा सकता है? यह तो सरकार बताएगी कि उसका विजन क्या है। गुजरात में liquor बैन किया गया और वह पूरे तरीके से फ्लॉप हो गया है। शराब को कोई भी ऑर्डर कर सकता है और उसके घर पर उसकी डिलीवरी हो जाती है। बिहार में भी यही स्थिति है। कई राज्यों में अलग- अलग स्तर पर इसको बैन करने की कोशिश की गई, लेकिन वह बैन सक्सेसफुल नहीं रहा। इसको समझना पड़ेगा। No matter, आपके इंटेंशंस करेक्ट हैं, लेकिन वे सक्सेसफुल हैं या नहीं, यह आपको देखना पड़ेगा। आप जैसे ही excessive taxation लगाते हैं, जैसे सिगरेट का उदाहरण लीजिए, तो उसकी मार्केट 14 बिलियन के आसपास की है और इसमें high taxation रहता है। हमारा देश पूरी दुनिया में 4th नंबर का सबसे ज्यादा illegal ओर illicit सिगरेट की मार्केट है। आप एक्सेसिव टैक्सेशन लगा दीजिए। It is very easy that you levy tax and you say कि हम इसको रोकना चाहते हैं, but you see the repercussion. Are we really able to control the cigarette consumption? The answer is 'No'. इसलिए यह समझना पड़ेगा कि आपकी इंटेंशन क्या है, आपका विजन क्या है? आपके नियम को देखकर लगता नहीं है कि आपकी इंटेंशन फेयर है और ऐसा लगता है कि सिर्फ रिवेन्यू जेनरेशन के लिए ही आप यह कर रहे हैं।

सर, मैं एक एग्जाम्पल और देता हूँ। टोबैको से टैक्सेशन पर लगभग 70-75 हजार करोड़ एनुअली हम जनरेट करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि National Tobacco Control Programme में सिर्फ 50 करोड़ सरकार की तरफ से जाता है। यह एक ऑथेंटिकेटेड डेटा है। यानी, 0.07 परसेंट ही जाता है। इसका मतलब यह है कि सिर्फ कलेक्ट करने में आपका ज्यादा इंटरेस्ट है और टोबैको कंट्रोल में आपका 50 करोड़ जाता है। यह तो कुछ भी नहीं होता है! यह 50 करोड़, एग्जैक्ट 50 करोड़ नहीं है। But, it varies between Rs. 13 crores to Rs. 80 crores. So, if you take the overall cumulative of the entire 10 year period, you would find it

Contents Page

around Rs. 50 crore. सर, एक और इंट्रस्टिंग चीज है कि पहले जो टोबैको कंट्रोल के नाम से फंडिंग जाती थी, अब उसको 'Tertiary Care Programme' के नाम से एलोकेट किया जाता है। It is very difficult for an ordinary person to even track कि आपका जो अमाउंट है, वह किधर जा रहा है। उस अमाउंट को आप कहाँ भेज रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)... I will just take a couple of minutes as it is a very, very important subject.

सर, आप एक चीज और देखेंगे कि जो रेगुलेटरी डिसपैरिटी है, इसको समझना बहुत जरूरी है। रेगुलेटरी डिसपैरिटी में देखेंगे कि सिगरेट पर हम ज्यादा टैक्स लगा देते हैं। हमें लगता है कि सिगरेट पर ज्यादा टैक्स लगाएँगे तो उसका कंजप्शन कम हो जाएगा। जो बीड़ी और तंबाकू है, उन पर हम टैक्स नीचे रखते हैं। चूंकि राजनीति भी है और उससे लाखों लोगों का लाइवलीहुड भी जुड़ा हुआ है, तो बीड़ी और टौबैको पर टैक्सेशन काफी कम रखा जाता है। इसका असर यह नहीं होता कि कोई सिगरेट पीना छोड़ देता है। इसका असर यह होता है कि ज्यादा पैसे वाले सिगरेट पीते हैं और जिसके पास पैसा कम होता है, वह बीड़ी पर और बाकी अन्य चीजों पर स्विच हो जाता है।

सर, जो बीड़ी मेकर विमेन हैं, मोस्टली विमेन बीड़ी रोलिंग का काम करती हैं और वे इसे घर से करती हैं। उनके बच्चे उसी घर में रहते हैं, जहाँ कोई वेंटिलेशन नहीं होता। ...(**समय की घंटी**)... सर, इसमें इतना ज्यादा health detrimental है कि इसको आप काउंट भी नहीं कर सकते हैं।

ऑनरेबल चेयर सर, इसमें एक इम्पॉर्टेंट चीज यह है कि पान मसाला में जो surrogate advertisement है, वह rampant है। आप चारों तरफ देख सकते हैं कि विमल के नाम से या two-pouch gutka के नाम से advertisements दिखाए जाते हैं। I will just say the final thing.

फाइनेंस मिनिस्टर जी ने कहा था कि एक लाख करोड़ के आसपास जो खेती है, उसको डायवर्सिफाई कर दिया गया है। वह डायवर्सिफाई कर दिया गया है, लेकिन यह लगता नहीं है, क्योंकि प्रोडक्शन 2.87 परसेंट के रेट से राइज हो रहा है, एक्सपोर्ट 36 परसेंट राइज हो रहा है और कंजम्प्शन भी बढ़ गई है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मेरी पार्टी के पास और 3 मिनट का टाइम है, उससे मैं ले लूँगा।

श्री उपसभापतिः अब आप समाप्त कीजिए।

डा. संदीप कुमार पाठकः सर, इसमें आईटीसी एक बड़ी कंपनी है, जो सिगरेट बनाती है। आईटीसी एक इंपॉर्टेंट कंपनी है, जो बीड़ी बनाती है। यह एक डायवर्सिफाइड कंपनी है। इसमें सरकार का डिफरेंट PSUs के माध्यम से अबाउट 25% इन्वेस्टमेंट है। सर, सरकार खुद आईटीसी कंपनी और कई ऐसे सिगरेट-टोबैको रिलेटेड कंपनीज में इन्वेस्ट कर रही है, जो टोबैको बनाती हैं। सर, इसके अलावा इन टोबैको-रिलेटेड कंपनीज से पॉलिटिकल फंडिंग भी हो रही है। वहाँ से पॉलिटिकल फंडिंग्स ली जा रही हैं। मैं आज नाम नहीं लूँगा।

Contents Page

3.00 P. M.

जो consume कर रहा है, वह sufferer है, जो किसान produce कर रहा है, वह sufferer है, तो फिर फायदा किसे है? फायदा उस company को है जो trading कर रही हैं और कई political parties को है, जो इससे funding ले रही हैं। Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Meda Raghunadha Reddy.

SHRI MEDA RAGHUNADHA REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to speak on the Central Excise (Amendment) Bill, 2025, an important and timely reform that seeks to modernise India's tobacco excise framework. With the GST compensation cess set to be phased out, it is essential that the Government ensures continuity in revenue flows from products that carry significant public health externalities. This Bill rightly addresses that gap by updating a schedule that has remained largely unchanged since 2017.

Sir, I come to the positive features of the Bill. Fiscal stability with public health responsibility: (i) The revision of excise duties before the expiry of the GST compensation cess is a prudent step. Tobacco taxation has a dual role mobilising revenue and discouraging harmful consumption. International experience clearly shows that appropriate taxation reduces usage and improves health outcomes. This Bill strengthens fiscal preparedness without compromising public health priorities. (ii) A clear, modern and rational duty structure: The introduction of a product-specific and category-wise excise schedule is a welcome modernisation. Earlier, the duty structure was fragmented, ambiguous and prone to classification disputes. The new system covering cigarettes, unmanufactured tobacco, and emerging nicotine devices brings clarity, reduces loopholes, and ensures parity across products.

Sir, I come to the concerns specific to Andhra Pradesh. While I broadly support the Bill, I wish to draw the attention of the House to pressing issues affecting tobacco farmers in Andhra Pradesh, India's largest FCV tobacco-producing State, where lakhs of rural families depend entirely on this crop. There is deep distress among FCV tobacco farmers. This year, production exceeded the authorised crop size of 167 million kg. The resulting oversupply, weakened demand and depressed prices have pushed farmers into distress. Many growers could not even recover their basic costs. This has triggered serious livelihood challenges for thousands of small and marginal farm families in Andhra Pradesh.

Now, I come to the inefficiencies in the Tobacco Board auction system. The Tobacco Board auction platform, which is the backbone of price discovery, has been

Contents Page

heavily disrupted this season. Buyer participation was weak, auctions were delayed, and rejection rates were far higher than usual. As a result, many farmers faced severe cash-flow shortages, making it difficult to repay loans or prepare for the next crop cycle. Beyond tobacco, the State has suffered distress in the crops like paddy, cotton, pulses, banana and mango along with issues in e-crop enumeration which left many farmers bare-handed.

Sir, I come to constructive suggestions to the Union Government. First is, periodic review of the excise impact on tobacco growing regions. Since the Bill significantly revises duties across tobacco categories, I urge upon the Government to periodically review its impact on production, procurement behaviour and market stability in States like Andhra Pradesh. This can be done in coordination with the Tobacco Board and State Governments to ensure that revenue reforms do not inadvertently destabilize rural livelihoods. Sir, the measures needed to strengthen the Tobacco Board's auction system includes improving auction timelines and grading transparency, and buyer participation does not require major structural changes but only requires better oversight and enforcement. Small improvements here will provide enormous relief to farmers. I request the Ministry of Commerce and Industry to take up this matter on priority.

With these observations, concerns and constructive suggestions, on behalf of my YSRC Party, I extend my support to the Central Excise (Amendment) Bill, 2025. I hope the Government will take note of the hardships faced by farmers in Andhra Pradesh and act swiftly to address their pressing concerns.Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Reddy*ji*. Now, Shri Niranjan Bishi.

SHRI NIRANJAN BISHI (Odisha): Thank you, hon. Deputy Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on the Central Excise (Amendment) Bill, 2025. Sir, the Central Excise Act, 1944 historically served as the backbone of India's indirect tax system on manufactured goods. This framework underwent a structural transformation with the introduction of the GST in July, 2017, which subsumed most Central excise duties. The Bill increases the excise duty on all major forms to control consumption of tobacco. But in Odisha, tobacco farmers of Ganjam, Koraput, Rayagada, Kandhamal already suffer from issues like no MSP, no institutional protection, total dependence on private traders and high seasonal vulnerabilities. This has direct implication for farm-gate prices, trader procurement margins and contract farming arrangements. Unlike manufactured tobacco products, raw tobacco

Contents Page

taxation directly affects primary cultivators, not just downstream consumers. The policy intent is to prevent tax arbitrage between raw and processed tobacco, which could, otherwise, undermine revenue and health objectives. Sir, for the first time, the Bill explicitly brings under excise duty e-cigarette, nicotine inhalers, oral and transdermal nicotine products. All such products attract 100 per cent excise duty. This closes a major regulatory gap where technology-driven nicotine substitutes were escaping legacy tax laws despite growing adoption among youth. Sir, the Bill imposes no direct expenditure obligation on the Consolidated Fund of India. Instead, it seeks to stabilize post-compensation-cess tobacco revenues, protect health sector fiscal capacity, and maintain the role of tobacco as a sin tax source. However, the Bill also increases risks of compliance evasion, incentive for illicit trade and cross-border smuggling if enforcement does not scale proportionately.

Sir, Odisha has a large home-based beedi rolling workforce, largely composed of women, SC/ST communities and informal contract labourers. Higher duties on chewing tobacco and beedis may reduce downstream orders, shift production further into informality and increase income insecurity for workers. Without parallel labour rehabilitation, the tax impact risk is becoming socially regressive. Sir, Odisha reports high oral cancer prevalence, widespread smokeless tobacco use among youth and tribal population. Higher excise duty will increase retail price elasticity, delays youth initiation and reduced long-term health system burden. However, without ring-fenced allocation of this revenue to State health system, the public health dividend remains only indirect. Thank you, Sir.

Sir, the Excise Policy is not merely a revenue instrument. In a State like Odisha, it is a social instrument, a tribal- sensitivity instrument and a livelihood instrument. Any amendment that increases centralization, raises excise burden or opens new commercial avenues without safeguards, hits the rural people disproportionately. Excise amendments without a proper social impact assessment will increase alcoholism, debt burden, domestic distress and health risks in tribal and rural districts of Odisha. Odisha, under the leadership of former Chief Minister, Naveen Patnaik*ji,* had worked for decades to bring discipline, community control and social responsibility into the excise sector. This Bill threatens to undo that sensitive progress. This Bill also risks undermining the State's revenue autonomy.

Odisha uses excise revenue for tribal development welfare programmes, SC/ST girls' education, rural healthcare, anti-alcoholism campaigns and disaster relief and cyclone management. Disturbing the State's excise ecosystem directly impacts these priority sectors. It will further crush procurement prices, push small

Contents Page

farmers out of cultivation, and increase traders' monopoly. So, the Bill may protect Central revenue, but it does not protect farmers, rural labourers, tribal households, women workers, and State level social security systems.

सर, जब एक्साइज की बात आती है, तो एक्साइज और आदिवासी का एक रिलेशन है। ...(**समय की घंटी**)... सर, आदिवासी लोग जब सोशल फंक्शन्स करते हैं, कल्चरल फंक्शन्स करते हैं, तो जो महुआ होता है, वे उसको अपने घर में 10 किलो तक रखते हैं और 5 लीटर तक बनाते हैं। वे deities को offer करते हैं; they also use it during marriage rituals. सर, ये एक्साइज डिपार्टमेंट वाले, Excise Department officials, ट्राइबल्स को फाल्स केस में implicate करके कोर्ट को फॉरवर्ड कर देते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Niranjan*ji,* please conclude.

श्री निरंजन बिशी: महोदय, एक्साइज डिपार्टमेंट को एक्साइज में इसको भी इंक्लूड करना है और ट्राइबल कम्युनिटी को प्रोटेक्शन देनी है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Niranjan*ji,* please conclude.

SHRI NIRANJAN BISHI: Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Dr. M. Thambidurai, the subject is Central Excise (Amendment) Bill, 2025.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, on behalf of my AIADMK Party and General Secretary, Thiru Edapadi K. Palaniswami, I rise to extend my support to the Central Excise (Amendment) Bill, 2025 provided the State Governments get their due share. This Bill is a timely and necessary reform aimed at safeguarding public health, maintaining revenue stability and ensuring that harmful products like tobacco do not become cheaper as the GST Compensation Cess is gradually phased out.

Sir, it is equally important to emphasise that this reform does not harm States' revenues. The transition from the GST Compensation Cess to recalibrated excise duty is an administrative realignment, ensuring revenue neutrality for both Centre and the States. Under the current Government, States already receive 41 per cent share. It must not reduce.

Sir, I would like to offer a few constructive suggestions. First of all, introduce an annual inflation-indexed increase in specific excise duties so that tobacco products do not become cheaper over time. Second, allocate a fixed proportion of the additional excise revenue directly to tobacco-related disease prevention

Contents Page

schemes, cancer care facilities and cessation programmes. Then, strengthen rehabilitation and skill development initiatives for *bidi* workers. Especially in Tamil Nadu, most of the *bidi* workers live in Tirunelveli, Tenkasi, Dindugal, Vaniyambadi, Gudiyatham and also in Krishnagiri district. These are the places where people are more dependent on this work for their livelihood.

When you are bringing this kind of a measure, you have to provide rehabilitation and also skill development programme. That is what I am saying. And also enhance national awareness campaigns, especially, targeting school and college students, to prevent early addiction and protect India's democratic dividend.

Sir, the hon. DMK Member also supported the Bill, but he said one word that black marketing may happen. Already a lot of black marketing is going on in Tamil Nadu in these kinds of products. Why I am saying this is because there is a rule that these kinds of cigarettes must not be sold near schools and colleges. But, in Tamil Nadu, if you go in all these places, near all the schools and colleges, you can see that these kinds of cigarettes and other tobacco products are sold there. That is what I want to say, Sir.

Then, there is another point. Tobacco consumption remains one of the leading causes of non-communicable diseases in our country. With the introduction of a calibrated 40 per cent GST on sin goods and the proposed increase in excise duty across tobacco categories, the Government has taken a decisive step to reduce affordability, particularly, among the youth and vulnerable population. This measure not only maintains overall tax incidence, but also strengthens the public health efforts.

Sir, I would also like to add one thing here which all other Members from this side also said. Ours is a federal setup. Our country is a federal country. This is the Council of States. Therefore, it is our bounden duty, and AIADMK Party is also for federal system. After GST, the revenue-sharing has also been there. When the GST was introduced, at that time, our party opposed it. …(*Time-bell rings*.)… We, the AIADMK party, opposed the GST at that time. We had not supported that. Therefore, now, when you are imposing taxes on these kinds of products through this Bill, the States' revenue would be reduced. This is the intention with which I am saying it.

So, I also support this Bill, provided that the revenue is also shared with the States as well, along with the Central Government.Thank you, Sir.

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU (Telangana): [&] Hon. Deputy Chairman Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on the Central Excise (Amendment) Bill, 2025. As this Bill

[&] English translation of the original speech delivered in Telugu.

Contents Page

carries both economic and social significance, I would like to state that, on behalf of the Bharat Rashtra Samithi (BRS) Party, we support this Bill.

Sir, during the decade long tenure of Shri K. Chandrashekar Rao, the first Chief Minister of Telangana, the State witnessed rapid economic growth and substantial strengthening of its fiscal foundations. Excise revenue forms a major component of Telangana's finances, and any policy changes at the Central level directly influence our fiscal planning, welfare schemes, and developmental programmes. At the same time, the unregulated distribution of liquor has had serious social repercussions, particularly, in rural and semi-urban areas. Families, especially women and children, continue to suffer due to rising cases of addiction, domestic violence, and financial distress caused by unmonitored liquor sales.In this context, I would like to highlight a few issues. Due to higher taxes, black-marketing is increasing in many States, including Telangana. The Central Government must ensure a balanced approach between revenue generation and social responsibility while framing excise policy. The policy must remain impartial, discourage illegal trade, and ensure fairness. The excise policy must integrate stronger public health safeguards. In several rural regions of Telangana, the consumption of spurious liquor has resulted in tragic incidents. I urge the Central Government to consider mandatory safety standards, regular quality audits, and technological tracking systems for production, storage, and transportation of excisable goods. Excise may be a State subject, but its social impact and revenue implications are national in character. Therefore, stronger Centre—State cooperation through data sharing, enforcement coordination, and digital monitoring platforms is essential to ensure uniformity, safety, and transparency.

Sir, in Telangana, we have provided 15 to 20 percent reservation to the Gowda community, including in the allocation of liquor shops. I suggest that similar provisions be considered across the country for the Backward Classes and particularly for the Gowda community.

A nationwide digital tracking system for excise goods, strict punishments for illegal manufacturing, awareness campaigns, rehabilitation support for addicts, and financial protection for States, are all heavily dependent on excise revenue; all these measures are necessary for a robust and responsible excise regime.

Sir, I would also like to bring to your notice the difficulties faced by beedi workers in cities such as Nizamabad, Karimnagar, Adilabad, Khammam, and Warangal. With cases of mouth cancer rising significantly, I request that 25percent of the revenue generated from tobacco-related excise be earmarked for cancer

Contents Page

patients. MNJ Hospital in Hyderabad treats a large number of such patients, and enhanced funding would greatly support their treatment and recovery. Taking all these factors into account, we, wholeheartedly, support excise policy reforms that promote accountability, transparency, and social responsibility. We support this Bill because it incorporates several such key elements.While we welcome reforms aimed at efficiency and better governance, any excise-related legislation must remain sensitive to the socio-economic realities of States like Telangana. Farmers, daily wage earners, women, and youth deserve policies that shield them from addiction, exploitation, and the dangers of unregulated liquor circulation.

सर, मैं इस गवर्नमेंट को एक बात कहना चाहता हूं कि कैंसर बहुत बढ़ गया है। तेलंगाना में माउथ कैंसर भी बहुत बढ़ गया है। इस रेवेन्यू में से तेलंगाना के लिए 25 परसेंट रेवेन्यू कैंसर पेशेन्ट्स के लिए दिया जाए, ताकि हॉस्पिटल में ऐसे पेशेन्ट्स को बचाया जा सके। मैं आपके माध्यम से इसे गवर्नमेंट की दृष्टि में लाना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN: Shri P.P. Suneer — not present. Shri Sanjay Seth.

श्री संजय सेठ (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीया वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं कि तम्बाकू और तम्बाकू से निर्मित पदार्थों से आम जनता के स्वास्थ्य के ऊपर जो असर पड़ रहा है, उसको रोकने के लिए और उसे कम प्रोत्साहन मिले, इसके लिए यह सेन्ट्रल एक्साइज़ (अमेंडमेंट) बिल, 2025 लाया गया है। इस बिल में जो पहले सेन्ट्रल सेस था, उसको हटाकर अब वह सेन्ट्रल एक्साइज़ के अंदर लाया गया है। इस सेन्ट्रल एक्साइज़ का पूल होगा, उसका 42 परसेंट के आस पास स्टेट्स को भी मिलेगा, जो उनका हिस्सा होता है। आज तम्बाकू और तम्बाकू से बने हुए पदार्थ हर वर्ग के लोग यूज़ कर रहे हैं। वे पुरूष हों, महिलाएं हों, बच्चे हों, सभी कहीं न कहीं इसको यूज़ करने लग गए हैं। इसकी वजह से कैंसर, हार्ट और लंग की बीमारियां बढ़ रही हैं।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में करीबन 1.35 मिलियन लोगों की इन बीमारियों से मौत हो रही है। जैसा कि आप लोग आजकल न्यूजपेपर में देखते हैं कि यंग लोगों के अंदर हार्ट और कैंसर की बीमारियां काफी बढ़ गई हैं। ये सारी चीज़ें कहीं न कहीं इन पदार्थों से जुड़ी हुई हैं। सिगरेट पीने से जहां सिगरेट पीने वाले को सबसे बड़ा नुकसान होता है, वहीं दूसरी तरफ पैसिव स्मोकर को भी बहुत बड़ा नुकसान होता है। पैसिव स्मोकर वह होता है, जो सिगरेट नहीं पीता है, लेकिन दूसरे की सिगरेट का धुंआ अपने अंदर लेता है। उसको भी बीमारी लग रही है। आज कल आपने देखा है कि तम्बाकू युक्त गुटका भी बहुत लोग खाने लग गए हैं। हमारे उत्तर प्रदेश में हो या बिहार में हो या अन्य राज्यों हों, वहां इसका प्रचलन बढ़ता जा रहा है। छोटे से छोटा आदमी छोटे पाउच को लेता है और मुंह में डालता है। ज्यादातर कैंसर की बीमारियां यह गुटका खाने की वजह से ही हो रही हैं। अगर इसके advertisement को देखें, चूंकि सरकार ने उसके ऊपर रोक लगा रखी है, तो गुटका वाले हों या शराब वाले हों, वे advertisement इस तरीके से करते हैं कि वे उसी नाम से कोई सोडा या पानी की बोतल रख लेते हैं और उसका advertisement

Contents Page

उसके नाम से कर देते हैं, जिससे कि लोगों के दिमाग में यह पहुंच जाए कि यह गुटके का ब्रांड है और इसी की बोतल दिखाकर वे अपना advertisement कर रहे हैं। इसको रोकने का काम हमारी सरकार को तुरंत करना चाहिए, जिससे कि इसके advertisement, जिस पर हमने रोक लगा रखी है, उसका फायदा कोई और तरीके से न ले सके।

महोदय, जो सिगरेट की स्मगलिंग हो रही है, उसके ऊपर भी हमारी सरकार बहुत ज्यादा जागरूक है। मैं फाइनेंस कमेटी में बैठता हूं, वहां कस्टम ऑफिसर्स बताते हैं कि हम लोग बड़ी संख्या में सिगरेट की स्मगलिंग को रोक रहे हैं और पकड़कर उसको डिस्ट्रॉय कर रहे हैं। यह जो हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने अभी जीएसटी-2 के रिफॉर्म्स किए थे, उनके अंदर जहां एक तरफ उन्होंने जनता के लिए एक बहुत बड़ा खजाना खोल दिया, उनकी आम जरूरतों की चीजों को बिल्कुल सस्ता कर दिया, वहीं दूसरी तरफ जो हमारे सिन गुड्स हैं, जिनमें तंबाकू और सिगरेट, ये सब भी आते हैं, इन सबके ऊपर भी उन्होंने टैक्स को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया, जिससे लोगों को इसको यूज़ करने के लिए प्रोत्साहन कम मिले। अभी मैं विपक्ष के किसी एक साथी का भाषण सुन रहा था। उन्होंने कहा कि टैक्स बढ़ाने से कोई सिगरेट नहीं छोड़ देता है। लेकिन टैक्स बढ़ाने से कम से कम उसके घर वाले उसको रोकते हैं कि हमारा बजट इतना था, यह तुम्हारी सिगरेट में जा रहा है, इसको कम करो। कम से कम इससे यह कम तो होगा!

साथ ही, इस बिल के अमेंडमेंट से हम लोगों ने जो सेस हटा कर यह एक्साइज ड्यूटी लगाई है, इसमें अनमैन्युफैक्चर्ड तंबाकू के ऊपर 70 परसेंट ड्यूटी और सिगरेट पर 2,700 से 11,000 रुपए प्रति 1,000 स्टिक्स पर टैक्स लगा दिया गया है। इस टैक्स के आने से एक तरफ तो हमारे खजाने भरेंगे और दूसरी तरफ लोगों के अंदर इसको न खरीदने के लिए एक प्रोत्साहन भी होगा।

हमारे यहां इससे जो बीमारियां हो रही हैं, उसके ऊपर भी प्रधान मंत्री जी बहुत चिंतित रहते हैं। जहां हमारे पास 2014 में केवल 7 एम्स थे, आज 23 एम्स हो चुके हैं। साथ ही, मेडिकल कॉलेज की भी संख्या 387 से बढ़ कर 808 हो गई है। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर मेडिकल कॉलेज 12 से बढ़ कर 45 हो चुके हैं। ये सारी चीजें इसलिए की जा रही हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य का फायदा मिल सके। साथ ही साथ, माननीय प्रधान मंत्री जी की जो एक योजना चल रही है, जो कि बहुत सक्सेसफुल योजना है - आयुष्मान योजना, इसके अंदर 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का बीमा दिया जा रहा है। 9 करोड़ लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। इसके अंदर यही कैंसर, यही लंग्स, यही हार्ट की बीमारियों का इलाज होता है। इसलिए कम से कम उसका इलाज तो हो पा रहा है।

कुछ लोगों की यह चिंता रही है कि हमारे जो किसान इस तरीके की खेती करते थे, तंबाकू या तेंदू पत्ते की खेती करते थे, उनका क्या होगा? मैं आपको यह बताना चाहता हूं, माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय कृषि मंत्री जी को मैं बधाई भी दूंगा, कि उन्होंने 1,11,000 हेक्टेयर भूमि में दूसरी खेती करने के लिए प्रोत्साहन दिया और लोग इसको करने लगे हैं। आगे इसके लिए बहुत सारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे कि वह अपनी यह खेती छोड़ कर दूसरी खेती कर सके।

अंत में, मैं विधेयक को और प्रभावी बनाने के लिए कुछ सजेशंस देना चाहता हूं। इसके अंदर मैं यह चाहता हूं कि प्रत्येक संसदीय क्षेत्र और ब्लॉक स्तर पर एक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित

Contents Page

किया जाए, जहां पर लोग आसानी से मदद पा सकें। दूसरा, इस विधेयक से प्राप्त राजस्व का एक निश्चित परसेंटेज कैंसर रिसर्च और अवेयरनेस कैंपेन के लिए निर्धारित किया जाए। यह जो बच्चों के अंदर आज के दिन में ड्रग्स और यह सूखा नशा चल रहा है, उसको रोकने के लिए जरूर प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

मैं सारे सदन से यह निवेदन करता हूं कि यह जो बिल है, यह केवल सत्ता पक्ष की तरफ से लाया हुआ बिल नहीं है, बल्कि यह देश हित के लिए लाया गया है। मेरा यह निवेदन है कि सारे लोग मिल कर इस बिल को पास करें। मैं इसका समर्थन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shrimati Jebi Mather Hisham; not present. Shri Ramji.

श्री रामजी (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पर बोलने का अवसर दिया। साथ ही, मैं आभार व्यक्त करता हूं अपनी पार्टी की मुखिया, आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी का भी।

मान्यवर, इस बिल के अनुसार तंबाकू, सिगरेट, गुटखा आदि पर 70 परसेंट तक का टैक्स है और कुछ के ऊपर उनकी लंबाई के अनुसार सरकार ने 5,200 प्रति 1,000; 7,000 रुपए प्रति 1,000; 2,700 रुपए प्रति 1,000 के हिसाब से; पीसेज़ के हिसाब से टैक्स लगाने का काम किया गया है। यह एक सराहनीय कदम है। मैं तो यह चाहूंगा कि सरकार को 70 परसेंट छोड़ कर इसको 100 परसेंट करना चाहिए। जो 5,200 रुपए, 6,500 रुपए, 7,000 रुपए रखा गया है, इसको और बढ़ा कर 100 परसेंट तक लेकर आना चाहिए ताकि देश के अंदर गुटखा को लेकर, सिगरेट को लेकर और तंबाकू को लेकर जो लगाव है, उसे खत्म किया जाए। कहीं न कहीं इस सरकार की भी यह मंशा रही है कि इस तरह के कदम उठाने से, सिगरेट पर, गुटखा पर और तंबाकू पर जो डिपेंडेंसी बढ़ रही है, उसे कम किया जा सके।

मान्यवर, हम सबको मालूम है कि यह एक बड़ी ही हानिकारक चीज है, क्योंकि इसकी वजह से देश के अंदर लोग कैंसर के पेशेंट्स बनते हैं। यहाँ हर साल लगभग 15 लाख लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं और उन 15 लाख लोगों में से भी कैंसर पीड़ितों की जो 40 परसेंट पापुलेशन है, वह सिगरेट, तंबाकू और गुटखा के चलते कैंसर पीड़ित होती है। इससे ओरल कैंसर, लंग कैंसर और तमाम तरह के कैंसर होते हैं, इसलिए यहां पर इसको रोकने के लिए भी एक प्रभावी कदम की निश्चित ही जरूरत है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह भी कहना चाहता हूं कि इन चीजों का तमाम तरह से प्रचार किया जाता है। अभी हमारे संजय सेठ जी भी कह रहे थे कि गुटखा को लेकर तमाम तरह के भ्रामक प्रचार आते रहते हैं। कोई गुटखा कंपनी है, लेकिन वह पान मसाला के नाम से प्रचार कर रही है, जबकि वह same चीज है, same segment है। इस तरह के प्रचारों को रोका जाना चाहिए। मान्यवर, साथ ही मैंने कई बार यह भी देखा है कि सरकार इस बारे में अवेयरनेस लाने के लिए, टीवी पर कैंसर पेशेंट्स का भी इंटरव्यू दिखाती है कि गुटखा खाने से हमें ये प्रॉब्लम हो गई या हमारा परिवार बर्बाद हो गया। इस तरह की एक्टिविटीज़ को और बढ़ाया भी जाना चाहिए।

Contents Page

मान्यवर, मैं इसके साथ ही कुछ सुझाव भी देना चाहता हूं। जितने भी हीरो या हीरोइनें इन चीजों का प्रचार करते हैं, उनको टोटली प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। इससे कोई भी हीरो या हीरोइन सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला या गुटखा का प्रचार-प्रसार प्रसार नहीं करेगा। इसके साथ ही, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सरकार liquor के लिए, भांग के लिए, उनको बेचने के लिए लाइसेंस देती है, लेकिन इसमें क्या होता है – सिगरेट, तंबाकू या गुटखा को बेचने के लिए आज किसी तरह के लाइसेंस की जरूरत नहीं होती है। अगर आप इस पर भी लाइसेंस की व्यवस्था कर दें कि सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट उनको लाइसेंस देगा, तभी वे उन चीजों को बेच सकते हैं, अदरवाइज वे उन चीजों को नहीं बेच सकते, तो इससे जो हमारे लोग प्रभावित हो रहे हैं, युवा प्रभावित हो रहे हैं, बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं, कैंसर जैसी बीमारियां हो रही हैं, इस पर 100 परसेंट या काफी हद तक रोक लगने का भी काम होगा।

मान्यवर, इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से सरकार से यह भी कहना चाहता हूं कि हॉस्पिटल्स के आसपास या स्कूलों के आसपास जो दुकानें हैं, उनको पूर्णतया प्रतिबंधित करना चाहिए, ताकि बच्चे उन दुकानों से दूर रह सकें। आज बच्चे बाहर निकलते हैं, तो वहां वे गुटखा खा रहे होते हैं या सिगरेट पी रहे होते हैं। तो यह सब बंद होना चाहिए, ताकि कहीं न कहीं हमारे देश का जो नौजवान है, जो हमारे देश की आने वाली जनरेशन है, वह उससे प्रभावित न हो सके। मान्यवर, मैं इसको लेकर आपसे कहना चाहता हूं कि इस सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ...(**समय की घंटी**)... और सिगरेट, तंबाकू और गुटखा जैसी जो चीजें हैं, इनको बिना लाइसेंस के उपलब्ध नहीं किया जाए। इनके लिए लाइसेंस जारी किया जाए, तभी कोई व्यक्ति इनको बेच सके। जय भीम! जय भारत!

श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया (गुजरात): माननीय उपसभापति महोदय, मैं एक श्लोक से शुरुआत करता हूं:

"निर्मानमोहा जित्संगदोषा
अध्यात्मनित्य विनिवृत्तकामाः।
द्वंद्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञै-
रग्च्छन्त्यमूढ़ाः पदमव्ययं तत्।।"

माननीय उपसभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में देश के वित्तीय ढाचों में, चाहे वह जीएसटी हो, इनकम टैक्स सुधार हो, कॉरपोरेट टैक्स तंत्र हो या जुड़ाव आधारित डिजिटल क्रांति हो, इन सभी में एक से बढ़कर एक परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। यह विधेयक भी उसी सुधार यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। मैं इस कल्याणकारी और सर्वहितकारी विधेयक को लाने के लिए, माननीया वित्त मंत्री, बहन श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं और आभार प्रकट करता हूं।

माननीय उपसभापति महोदय, आज मैं इस सदन में केवल एक सांसद के रूप में नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की करोड़ों गरीब माताओं, संघर्षत युवाओं और उन परिवारों का प्रतिनिधि

Contents Page

बनकर खड़ा हूं, जो तंबाकू जैसी बुराई से चुपचाप घायल होते हैं और जिनकी आवाज आज इस सदन तक पहुंच पाई है। आज माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने यही पवित्र कर्म किया है। तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों पर कर बढ़ा कर जन स्वास्थ्य की रक्षा का असाधारण संकल्प लिया है। भारत में हर साल कैंसर से 13 लाख 50 हजार लोग मरते हैं। इसमें बहुत बड़ी संख्या में युवा लोग चले जाते हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं यह पर्सनल बात करता हूँ। हमारी कंपनी है श्रीरामकृष्ण एक्सपोर्ट। उसमें 7,000 से ज्यादा कर्मचारी हैं। हमारी कंपनी आज तंबाकू मुक्त है, क्योंकि कंपनी में कोई व्यसन वाला आदमी नहीं है। आज जैसे हमारी कंपनी व्यसन मुक्त, तंबाकू मुक्त बनी, वैसे ही मैं भारत को तंबाकू मुक्त बनाना चाहता हूँ और इसलिए मैं प्रार्थना करता हूँ कि तंबाकू युवाओं को सबसे ज्यादा नष्ट करता है, जो देश का भविष्य है। कई बार एक छोटी-सी पुड़िया, एक छोटा-सा पैकेज एक गरीब परिवार को पूरी जिंदगी के दुख में धकेल देता है। आज सरकार ने वही पुड़िया, वही जहर महँगा करके, पहुँच कठिन बना कर युवाओं और गरीब परिवार को बचाने का रास्ता खोला है।

माननीय उपसभापति महोदय, तंबाकू के नए युवा उपयोगकर्ताओं में 43 परसेंट अनुमानित कमी, अवैध और सस्ते उत्पादों पर कड़ी रोक और स्वास्थ्य बोझ में भारी कमी - यह केवल आर्थिक गणना नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सुरक्षा है। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी की इस नैतिक नेतृत्व को प्रणाम करता हूँ। यह विधेयक, जिसमें तंबाकू उत्पादकों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव है, सीधे-सीधे हमारे युवाओं, गरीब वर्गों और भविष्य की पीढ़ियों को स्वास्थ्य जोखिमों से बचाने का उद्देश्य रखता है। प्रस्तुत दस्तावेजों में यह स्पष्ट है कि भारत में तंबाकू उपयोग 38 परसेंट से घटकर 28 परसेंट पर आया है और सरकार का लक्ष्य है कि इसे 2025-26 तक 13 परसेंट तक लाना है। यह केवल कर वृद्धि नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य पर एक निवेश है।

माननीय उपसभापति महोदय, एम्स की संख्या 7 से बढ़ कर 23 होना, 'आयुष्मान भारत' से 10 करोड़ से अधिक परिवारों का सुरक्षित होना, मेडिकल कॉलेजों का ऐतिहासिक विस्तार होना - तंबाकों पर बढ़े कर से मिलने वाला राजस्व इन्हीं जीवन रक्षक कार्यक्रमों को और बल देगा। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार किसानों को वैकल्पिक फसलों की तरफ प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएँ चला रही हैं, जैसे कि दस्तावेजों में 1,11,889 एकड़ भूमि पर वैकल्पित खेती के सफल प्रयोग का उल्लेख है। यह तंबाकू उत्पादित क्षेत्रों में भी एक दूरदर्शी मार्ग प्रदान करता है। यह सिद्ध करता है कि यह सरकार जीवन और जीविका, दोनों का संतुलन जानती है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं विशेष रूप से इस बात की सराहना करता हूँ कि हमारी सरकार ने राज्यों को मिलने वाले हिस्सों को प्रभावित किए बिना एक संतुलित कर संरचना बनाई है ताकि विकास और स्वास्थ्य, दोनों साथ-साथ आगे बढ़े। इस संशोधन विधेयक के माध्यम से सरकार ने कोई नया सेस नहीं लगाया है, बल्कि तंबाकू उत्पादकों पर एक्साइज़ ड्यूटी लगाई है, जैसा कि वित्त मंत्री जी ने लोक सभा में चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि यह कोई नया कानून नहीं है और न ही केंद्र सरकार कोई अतिरिक्त टैक्स लगा रही है। ...(**समय की घंटी**)...

उपसभापति महोदय, अंत में, मैं एक व्यापारी और एक जनप्रतिनिधि, दोनों के रूप में इतना ही कहना चाहता हूँ कि समृद्ध राष्ट्र वही है, जहाँ स्वास्थ्य, नागरिक पारदर्शिता और

Contents Page

दीर्घदृष्टि नीतियाँ, तीनों एक साथ चलती हैं। यह विधेयक भारत को विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के करीब ले जाने वाला रहेगा, यही कहते हुए मैं इस संशोधन का मैं पूर्ण समर्थन करता हूँ। उपसभापति जी, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Kerala): Hon. Deputy Chairman, Sir, I rise to speak on the Central Excise Amendment Bill, 2025. I begin by placing on record that this Bill exemplifies everything wrong with the implementation of the GST regime by this Government. While my party and myself recognize and respect the need to protect the income of the roughly six million tobacco farmers across India, this cannot be at the cost of human lives and deterioration of health of millions of Indians.

The WHO Global Report on Trends in Prevalence of Tobacco Use 2000-2024 shows the dangerous statistics from tobacco use in India. In 2024, India accounted for approximately 243.48 million tobacco users aged 15 and older. Domestic estimates of deaths from tobacco use in India annually is one million plus, that is, 2,500 people die every day across India from tobacco use. The burden of cancers directly attributable to tobacco was projected to increase from 1,69,000 in 2015 to around 2,36,000 by 2025, an increase of nearly 40 per cent. Now, the Government is bringing this Bill with publicly-announced objective of this being a sin tax to bring tobacco use under control by higher prices. While the objective itself is laudatory, the hidden objective of this Government is to raise resources by use of the so-called sin tax to cover the revenue shortfalls from the disastrous GST implementation. Most importantly, the hypocrisy of this Government stands exposed when they have kept the duty on *bidis* low when all scientific and medical studies points to *bidis* without filters causing much higher health hazard and death than tobacco smoked with filters. By no means, am I advocating or supporting use of cigarettes or any form of tobacco, but the hypocrisy of this Government in keeping the low duty on *bidis* versus other forms of tobacco needs to be exposed.

Sir, we have been seeing many headlines for three days that the hon. Finance Minister to table 'Health Security se National Security' Bill. As I already explained, this Bill does not secure the health of the nation. On the claim of national security, it is also my belief that it is merely a notional security. Let me explain. This Bill will increase the cost of tobacco products and further incentivize the Gujarat model of tobacco export. Let me explain by showing this Gujarat model of tobacco export. I refer to a Press Information Bureau publication wherein the Director General of GST Intelligence has identified units located in Gujarat's Special Economic Zone, who, along with Delhi-based exporters, have utilized tobacco and other related products falling under

Contents Page

CTH-2403 which are subject to tax rates from 93 percentage to 188 percentage, including cess to claim refund of over Rs. 300 crores by claiming to have exported these products via Gujarat Special Economic Zone. These are more than 1,000 crores of fake invoices without supply of goods to facilitate these refunds. This modus operandi was possible by an overvaluation of 3,000 per cent of the market value of CTH 2403 products. By increasing tax further through this Bill, it will only encourage a nationwide adoption of this Gujarat model of exports undermining the economic security of the nation.

Indian courts, including High Courts with reference to Supreme Court precedents, have stated that economic offences affect the nation's financial health and must be treated sternly, often describing them as a form of "economic war" due to their severe and far-reaching consequences for poor citizens and the national economy. This Bill takes this one step further and declares economic war against the States in this Union. The cess reduces fiscal space and financial autonomy of the State, while incentivising this Gujarat model of exports. Meanwhile, the State Governments are left to deal with the health consequences from tobacco from the ever shrinking financial resources.

Shri Arun Singh, our senior fellow Member from BJP, has exposed this attitude of the Modi Sarkar. He says that Modi Sarkar's Bill provides for very high tax for smokers who use pipes. In bollywood movies, you see pipes used by the ultra rich and the villains. He says, Modi Sarkar has imposed high taxes on cigarettes which is smoked by the rich, the upper middle class and maybe the middle class. And my respected fellow senior Member from BJP, Arun Singh *ji* says that the Government has imposed very low taxes on *beedis* smoked by the poor people. I am shocked. What is Modi Sarkar's priority? Is it that they will frame policies, including tax policies and high duties, to safeguard the health and lives of the ultra rich, the rich, the upper middle class and the middle class ...(*Time-bell rings.*)... while they will frame policies, including tax policies and low duties, without any concern for the high tobacco smoking by the poor, affecting their health and often leading to their death from cancer from tobacco. Our hon. Leader of Opposition in the Lok Sabha so rightly called this Government 11 years back as '*Suit Boot ki Sarkar*.' ...(*Time-bell rings.*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. Dr. V. Sivadasan.

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, the Government should take the initiative to reduce the use of cigarette and other tobacco products. But we also need to realise that living in a single day in Delhi will cause the damage equivalent to smoking 15

Contents Page

cigarettes. This is the situation in Delhi. We are discussing tax on cigarettes. But the data shows that illegal trade and use of narcotic drugs are increasing day by day. The report shows that some of the ports are the gateway for drug mafia. It should be addressed by the Union Government. Along with imposition of higher excise duty on such items, the Government should tax the super rich. But they are not ready to tax the super rich. The Union Government is not ready to impose inheritance tax or wealth tax upon the super rich. In Kerala, there are two lakh lottery sellers. Many of them are differently-abled and old; they are unable to do any other jobs. The Union Government has imposed a higher GST of 40 per cent on them. This is cruelty against the poorest of the poor, against the lottery sellers in the State. Our respected Member, Mr. George Kurien, is here. He knows very well. Those who are connected with the people know the pathetic conditions of the lottery sellers because of increase in GST.

Sir, the State of Kerala is requesting for reduction in GST on paper lottery owned by the State Government. States were guaranteed 14 per cent annual growth rate in GST revenue, else the compensation system continues. Kerala would have received approximately Rs.54,000 crore if GST compensation system was there. The Union Government is increasing their revenue income through different ways. They are collecting tax in various forms, including huge amount of cess. But they are not considering the financial stability of the States. Cigarette causes cancer and serious diseases. So, proper education and health awareness is necessary to prevent usage of cigarette and other tobacco products. ...(*Time-bell rings*)... Education and health are the primary responsibility of the State. So, the Union Government should share more revenue with the States. The Union Government should protect the interests of the States and their revenue. This is my humble request that the Union Government should protect the lottery sellers and the poorest of the poor. Thank you.

श्री उपसभापतिः डा. भागवत कराड़।

डा. भागवत कराड़ (महाराष्ट्र)**:** उपसभापति महोदय, आज केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर बोलने के लिए मुझे वक्त दिया, इसलिए मैं आपका और हमारे हाउस लीडर माननीय जे.पी. नड्डा जी का आभार व्यक्त करता हूं। आज भारत देश की इकोनॉमी चौथे नंबर पर है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में अलग-अलग रिफॉर्म्स और अलग-अलग कंप्लायंस कम करके आज हमारी इकोनॉमी बढ़ रही है और यह अमेंडमेंट बिल उसी के माध्यम से एक बड़ा रास्ता लगता है। हमारे learned member श्री प्रमोद तिवारी जी ने बताया कि भारत सरकार का खजाना भरने का काम हो रहा है। अभी वे इस हाउस में उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनको भी पता है कि जो 41 परसेंट जीएसटी आता है, वह 41 परसेंट राज्यों को हिस्सा जाता है। उसी के साथ जैसे

Contents Page

अरुण सिंह जी ने बताया कि अभी तक जीएसटी के माध्यम से 5.5 लाख करोड़ रुपये राज्यों को दिए गए हैं, तो यह महत्वपूर्ण स्टैप भारत सरकार का है। श्रीमती सागरिका घोष जी ने बताया कि tobacco पर टैक्स लगने के बाद यह सरकार आरोग्य के लिए क्या कर रही है? मैं बताना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारे आरोग्य मंत्री माननीय नड्डा जी के मार्गदर्शन में जो काम चल रहा है, वह बहुत ही अच्छा चल रहा है। जैसे मेडिकल एजुकेशन हो, हॉस्पिटल्स हों या इनोवेशन हो, तो हर क्षेत्र में काम चल रहा है।

उपसभापति महोदय, यह विधेयक Central Excise Act, 1944 में बदलाव करने के लिए है। इसका उद्देश्य tobacco taxation को stable करना है, to strengthen the health policy of the Central Government, जिसमें reduction of cancer patients, reduction of heart and lung diseases के लिए इसका उपयोग हो सकता है। उसी के साथ reduction of tobacco use भी हमें अचीव करना है। पूरी दुनिया में भारत देश tobacco production और tobacco consumption में नंबर दो पर है। सर, इस बिल के माध्यम से tobacco की कीमत बढ़ेगी। इसी में unmanufactured tobacco price will increase from 64 to 70 per cent. Duty on cigarette will be raised from Rs.2,700 to Rs.11,000 per thousand pieces. चीन tobacco हो, उसमें भी increase from 25 to 100 per cent. हुक्का हो, स्मोकिंग मिक्स्चर हो या snuff हो, उस पर भी शुल्क बढ़ाने का इस बिल में प्रावधान है। 1 अप्रैल, 2017 को पूरे देश में जीएसटी की शुरुआत हुई थी। जिसमें पहले 5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट और 28 परसेंट जीएसटी था, लेकिन तम्बाकू पर उस समय टैक्स बढ़ाना था, इसलिए जीएसटी के माध्यम से compensation cess बढ़ाया था। वह टैक्स सिर्फ 2022 तक था, लेकिन यह टैक्स सिर्फ 31 मार्च, 2024 तक है। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में GST Compensation Cess खत्म करके यह Central Excise (Amendment) Act, 2025 लाया गया है। माननीया वित्त मंत्री जी ने 22 सितम्बर, यानी नवरात्रि के पहले दिन Second Generation GST प्रस्तुत किया है। इसके माध्यम से common man को relief मिला है, business को boost मिला है। महोदय, Next generation GST में three slabs हैं, जिनमें 5 per cent, 18 per cent है और sin goods - जैसे tobacco है, पान मसाला है, aerated drinks हैं, luxury goods हैं, उनमें 40 per cent tax है।

माननीय उपसभापति महोदय, तंबाकू की लत हमारे देश की एक बहुत बड़ी समस्या है। मैं एक medical doctor हूँ और आपके माध्यम से सदन और देशवासियों को बताना चाहता हूं कि carcinogens, जिसकी वजह से कैंसर होता है, जो तंबाकू में रहता है, इसके सिवाय तंबाकू में blood vessel का जो lumen रहता है, उस blood vessel का lumen - महोदय, blood vessel का valve ठीक होता है और lumen कम होता है, जिसके माध्यम से heart attack और brain stroke जैसी बीमारियाँ होती हैं, smoking की वजह से lung cancer की diseases भी होती हैं।

माननीय उपसभापति जी, जैसा कि मैंने बताया है कि भारत दुनिया में तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक है। तंबाकू पर संरक्षण और different studies भी हो चुकी हैं। भारत में 267 millions, यानी 29 per cent भारतीय, वयस्क किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू के कारण 70 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। तंबाकू और तंबाकू

Contents Page

यूज़ के कारण होने वाली बीमारियों का आर्थिक बोझ 1.77 lakh crore से भी अधिक है। अगर तंबाकू सेवन कम करेंगे, तो यह बोझ कम हो सकता है।

माननीय उपसभापति महोदय, यह विधेयक जनहित के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है। रिसर्च, अर्थात अनुसंधान के माध्यम से यह निष्कर्ष भी आया है कि अगर 10 per cent कीमत से भी कम तंबाकू खाएं, तो 4 per cent to 5 per cent कम खपत होगी और विशेषकर हमारे देश के युवा और गरीब लोगों के आरोग्य में सुधार होगा।

महोदय, इस विधेयक का उद्देश्य लोगों को हानिकारक आदतों से दूर करना, कर प्रणाली में stability लाना, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करना और उत्पादक किसानों के लिए दूसरी व्यवस्था करना है। महोदय, तंबाकू production में पर्याय व्यवस्था क्या है, हमें इसके ऊपर भी चर्चा करनी होगी। जैसा कि मैंने कहा है कि भारत तंबाकू प्रॉडक्शन में number 2 पर है, यहाँ बहुत बड़ी मात्रा में तंबाकू प्रॉडक्शन होता है, लेकिन अभी खेती के अलग-अलग पर्याय बताए गए हैं, हम प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अलग-अलग खेती के लिए अलग-अलग सुविधाएं दे चुके हैं।

महोदय, किसान हमारे देश की रीढ़ है। किसान मजबूत हो, तो देश मजबूत होता है। तंबाकू की खेती एक अनिश्चित खेती है, तंबाकू के लिए बाज़ार की अनिश्चितता है और इसका स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है, सरकार की नीतियाँ भी लगातार बदल रही हैं, इसलिए तंबाकू की खेती प्रमाणित नहीं है, अच्छी नहीं है – मैं ऐसा समझता हूं। तंबाकू production की जगह किसान को अलग खेती या दूसरी खेती करनी चाहिए। इसे प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार के माध्यम से अलग-अलग schemes लाई गई हैं। जैसे कि तेल से जुड़ी ऐसी फसलें, जिनमें कम खर्च आता है, उनकी खेती करनी चाहिए। बाज़ार में तेल की मांग ज्यादा है, सब्ज़ियों की खेती, फलों की खेती, दाल और अनाज की खेती, मसाले वाली फसलें भी लाभकारी फसलें हैं। मैं किसानों के लिए दो पंक्तियाँ सुनाना चाहता हूं:

'हम जोखिम नहीं, अवसर चुनेंगे
हम तंबाकू नहीं, तरक्की उगाएंगे।'

माननीय उपसभापति महोदय, तंबाकू के खेत में थोड़ी ज्यादा कमाई हो सकती है, लेकिन शरीर में बीमारी उगती है, इसलिए स्वास्थ्य हमेशा तंबाकू से ज्यादा कीमती है और स्वास्थ्य संभालने के लिए तंबाकू की खेती कम करनी चाहिए। अगर जीवन बचाना है, तो तंबाकू को छोड़ना होगा, क्योंकि धन फिर से कमाया जा सकता है, लेकिन खोया हुआ स्वास्थ्य वापस नहीं आ सकता है।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं वित्त मंत्री माननीय निर्मला सीतारमण जी का अभिनंदन करता हूँ और इस विधेयक का सपोर्ट करता हूं। सभी माननीय सदस्य, वे चाहे ट्रेज़री बेंच के हों या विरोधी पक्ष के हों, मैं उनसे आह्वान करता हूं कि यह विधेयक पूरे भारतीयों की हेल्थ के लिए है, इसलिए इसे देश और लोगों की हेल्थ के लिए सपोर्ट करें। महोदय, सदन में अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

4.00 **P. M.**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Masthan Rao Yadav Beedha.

Contents Page

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, on behalf of Telugu Desam Party and our leader, hon. Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Nara Chandrababu Naidu Garu, I support this Central Excise (Amendment) Bill, 2025. Under the able-leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the Government has taken a decisive step to maintain stable taxation on tobacco products as the GST Compensation Cess is going to be phased out. This Bill ensures that the overall tax burden on tobacco remains high, discouraging consumption while safeguarding public health and Government revenues.

Next is public health and protecting the nation's youth and vulnerable groups. The GST 2.0 reforms, effective from September 2025, have raised the tax on sin goods like cigarettes and other tobacco products to 40 per cent. By keeping tobacco expensive, the Government is directly contributing to the reduction of non-communicable diseases and promoting a healthier, more productive population.

Next is fiscal stability and ensuring revenue neutrality for Centre and States. The GST Compensation Cess was always a time-bound mechanism agreed upon by all States. This ensures that tobacco does not become a cheaper, protecting public health and preserving revenue neutrality for both the Centre and States. States will continue to receive 41 per cent from divisible pool.

Sir, in conclusion, tobacco taxation is, and must be, a tool for protecting public health. But, tobacco farming is, for lakhs of families in Andhra Pradesh and other States, a question of day-to-day survival. Their labour, resilience, and adoption of scientific practices have enabled India to become the world's second-largest exporter of unmanufactured tobacco and have already helped the Government deliver on its promise of doubling farmer incomes in the sector. We must make efforts to combine a strong deterrent against harmful use with an equally strong safety net and opportunity framework for our tobacco farmers.

With this, I support this Bill on behalf of the Telugu Desam Party. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Madan Rathore.

श्री मदन राठौड़ (राजस्थान): सर, आपने मुझे दि सेंट्रल एक्साइज़ (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, विपक्षी माननीय सदस्यों ने इस बिल का विरोध किया। मुझे यह समझ नहीं आया कि जो उत्पाद लोगों को बीमार करता है, यदि उसी पर एक्साइज़ ड्यूटी लगा दी जाए और उससे

Contents Page

जो आय प्राप्त होती है, उसका उपयोग उन्हीं बीमार लोगों के इलाज में किया जाए, तो इससे इन्हें क्या ऐतराज हो सकता है।

उपसभापति महोदय, हम सब जानते हैं कि एक जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू हुआ था। उस समय अधिकांश वस्तुओं पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क समाप्त कर दिया गया था। कुछ वस्तुएँ - जैसे तम्बाकू, तम्बाकू उत्पाद, डीज़ल, पेट्रोल केंद्र के अधिकार-क्षेत्र में रहे थे। जीएसटी आने के बाद तम्बाकू पर एक्साइज़ ड्यूटी घटानी पड़ी थी और बदले में क्षतिपूर्ति सेस लगाया गया था, जो कि पाँच वर्ष के लिए लगाया गया था। अभी माननीय सदस्य, प्रमोद तिवारी साहब बता रहे थे कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने जीएसटी का विरोध क्यों किया। उस समय आपने इसमें क्षतिपूर्ति और सेस का प्रावधान नहीं रखा था, इसलिए विरोध किया गया था। वे इस बिल को समझ नहीं पा रहे थे। काँग्रेस जीएसटी लाना चाहती थी, पर उनमें हिम्मत नहीं थी। यह भी सभी जानते हैं कि उनके कैबिनेट नोट को भी उनके नेता ने ही फाड़ कर फेंक दिया था। उस समय उनकी चलती भी नहीं थी, इसलिए ये बातें कह देना आसान है, लेकिन करने में हिम्मत चाहिए। सर, हमारे देश के प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने वह हिम्मत दिखाई और केवल हिम्मत ही नहीं दिखाई, बल्कि क्षतिपूर्ति सेस लगाकर राज्यों को भी इसका पूरा हिस्सा दिया - यह बात हम सब जानते हैं। इस पर एक्साइज़ ड्यूटी बढ़ानी जरूरी है। हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। सर, तम्बाकू का सेवन एक बहुत बड़ी समस्या है। हम सब जानते हैं कि प्रतिवर्ष साढ़े तेरह लाख लोग इसके शिकार होते हैं और विश्व में तम्बाकू से होने वाली मौतों में लगभग 17 प्रतिशत भारत में होती हैं। यह सही है कि कच्चे तम्बाकू, जैसे खैनी, गुटखा, हुक्का आदि के प्रयोग से मुँह का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर जैसी बीमारियाँ हो जाती हैं। इनमें व्यक्ति ठीक से बोल भी नहीं पाता। कई बार ऐसी स्थिति भी बनती है कि बोलते हुए उसके फेफड़ों में तम्बाकू का कण चला जाता है, जिससे उसकी मृत्यु भी हो जाती है।ऐसी समस्याएं हैं, तो यदि इस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाए, इसको हतोत्साहित करने का प्रयास किया जाए, तो इसमें किसको आपत्ति हो सकती है? इसको समझने की जरूरत है। मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि यह तंबाकू उत्पादों से मूल्य में स्थिरता भी आएगी, युवाओं में इसके उपयोग के लिए हतोत्साहन होगा और 42 परसेंट राजस्व वैसा का वैसे ही राज्यों को मिलता रहेगा। इस विधेयक का उद्देश्य, जीएसटी क्षतिपूर्ति शेष खत्म होने के बाद भी इन उत्पादकों के बोझ को सुरक्षित रखना भी जरूरी है। यह सब हम जानते हैं और यह तो सभी ने बोल दिया है कि सिगरेट, सिगार, चुरुट पर 5,000 से 11,000 तक प्रति हज़ार स्टिक्स की दर से उत्पाद शुल्क लगेगा। यह भी कई माननीय सदस्यों ने बोला है कि उत्पादों की बिक्री पर 40 प्रतिशत जीएसटी क्षतिपूर्ति समाप्त होने के बाद लगेगा।

महोदय, मैं तो राजस्थान से आता हूं, इसलिए मैं राजस्थान के संदर्भ में कुछ बातें आपके सामने निवेदन करना चाहूंगा। राजस्थान में तंबाकू का उपयोग चिंताजनक है। वहां लगभग 41 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। कई महिलाएं, जो मजदूरी करने जाती हैं, वे दिन में मजदूरी का काम करती हैं, लेकिन खैनी साथ में रखकर जाती हैं। हुक्का, बीड़ी का उपयोग भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अधिक है और इसी प्रकार से यह किशोरों में भी बढ़ता जा रहा है। विद्यार्थियों में भी इसका प्रयोग बढ़ता जा रहा है। यदि रेट बढ़ाए जाएंगे, कीमतें बढ़ेंगी, तो निश्चित रूप से अंकुश तो लगेगा ही लगेगा। बीड़ी उपयोग के संबंध में कई लोग कहते थे कि इसमें मजदूरों को

Contents Page

और हानि होगी। मैं कहना चाहता हूं कि उत्पाद शुल्क कारखाने पर लग रहा है, वह किसी किसान पर नहीं लगने वाला है। किसान यदि तंबाकू का उत्पादन करता है, तो उस पर कोई टैक्स नहीं है, उस पर कोई और एक्साइज़ ड्यूटी नहीं लग रही है। एक्साइज़ ड्यूटी किसी मजदूर पर भी नहीं लग रही है। मजदूर यदि बीड़ी बनाता है, तो उस पर भी नहीं लग रहा है। यह केवल कंपनी पर लगेगा, जो उत्पाद करेगा, यह उस पर लगने वाला है। इसलिए इसकी चिंता करने की जरूरत उनको नहीं है। हमारे यहां पर बीड़ी उद्योग, जिसमें कई श्रमिक काम करते हैं। कोटा, बारां, बूंदी, धौलपुर, भरतपुर में भी लोग बीड़ी उत्पादन करते हैं। इससे किसानों को नुकसान नहीं है, किसी मजदूर को भी नुकसान नहीं है।

महोदय, हमारे यहां कैंसर के मरीज बहुत बड़ी मात्रा में आते हैं। विशेष रूप से पंजाब से एक ऐसी ट्रेन आती है, जो बीकानेर पहुंचती है, उस ट्रेन का नाम ही लोगों द्वारा बदल कर कैंसर एक्सप्रैस या कैंसर ट्रेन रख दिया गया है। यह चिंता की बात है। इसमें कई भ्रम हैं, जिनको मिटाने की आवश्यकता है। यह बात सही है कि इससे राजस्व भी सुरक्षित रहेगा, यह स्वास्थ्य भी बचाता है, यह युवाओं को नशे से रोकने का काम भी करता है, यह आर्थिक स्थिरता भी देगा और राज्यों के हिस्सों को भी सुरक्षित रखने का काम करेगा। यह तंबाकू उद्योग को नियमन में लाने का काम भी करेगा। राजस्थान और अन्य राज्यों के स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाएगा। जब ये सब अच्छे काम होने वाले हैं, तो इसके लिए हमें यह चिंता करनी चाहिए कि किस प्रकार से हम लोगों को इसमें उपयोग करने से रोकें। इसके लिए किस प्रकार से हम ऐसा प्रयास करें कि लोग इससे और पीड़ित नहीं हों और इसके प्रति आकर्षित भी नहीं हों। इससे कैसे दूर हो सकें, इसकी चिंता करने की जरूरत है, न कि इस पर ड्यूटी क्यों लगाई जा रही है। मुझे यह समझ में नहीं आया कि इसमें राजनीति की बात कहां है! हम सबको मिलकर ऐसी बीमारियों की रोकथाम के लिए, हमारा देश सुरक्षित रहे, हमारा नौजवान सुरक्षित रहे, हमारा युवा सुरक्षित रहे, वह भटके नहीं, इनके बारे में चिंता करने की जरूरत है। केवल विरोध करना है, इसलिए विरोध करने के लिए खड़े होना, यह ठीक बात नहीं है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि यह बिल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, तंबाकू के दुष्प्रभावों पर रोक लगाता है और केंद्र और राज्य दोनों को मजबूत करता है। इसलिए मैं विनम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि यह बिल पारित किया जाए। हमारा देश स्वस्थ और सशक्त भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri G.K. Vasan.

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, health is wealth. Tobacco leads to bad health. Vision of the Central Government is very good. It is excellent. People of all sections in the country are benefited because of it. For example, Government health expenditure, as a percentage of GDP, rose from 1.13 per cent in 2014-15 to 1.84 per cent in 2021-22. Sir, per capita health spending tripled between 2014 and 2022, rising from Rs.1,108 to Rs.3,169.

Sir, key initiatives of this Bill include the Aayushman Bharat Program benefiting 55 crore people in this country. I would like to say this is a continuing measure. It

Contents Page

does not impose any new taxation. What was earlier collected under cess will now be under Central excise. Money collected, which is 41 per cent, will also be shared with the State. Sir, in the other House, there were a lot of murmurs that bidi workers will be impacted. That is really not the case because the hon. Minister gave a clear assurance that there is no change in the tax incidents on bidi. The rate remains the same with no increase, even by one paisa. It means the employment of poor bidi workers will not be lost. Sir, I would like to conclude by saying that the hon. Finance Minister has another Bill for cess on Pan Masala and that money can be used for even more expenditure on health and will improve the health of the people, of the country. My party, Tamil Maanila Congress (Moopanar), will always support this Bill.Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Vasan*ji*. Now, Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade.

डा. अजित माधवराव गोपछड़े (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र भाई मोदी जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, क्योंकि उन्होंने यह विधेयक लाकर एक बड़े पुण्य का काम किया है। एक जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ एक डॉक्टर एवं चिकित्सक के रूप में यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह विधेयक केवल राजस्व वृद्धि या कर संशोधन का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों के जीवन, स्वास्थ्य और देश के भविष्य को सुरक्षित करने वाला एक बड़ा कदम है। हम सभी जानते हैं कि भारत जैसे युवा देश में, जहां हमारा जनसांख्यिकीय लाभांश विकसित भारत की हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, यहां तंबाकू जैसे उत्पाद एक मौन महामारी की तरह काम करते हैं। सस्ती सिगरेट, गुटखा और चबाने वाले तंबाकू युवाओं के लिए आकर्षण का द्वार बन जाते हैं। एक बार जब लत लग जाती है, तो वह व्यक्ति केवल रोगी नहीं रहता, बल्कि वह पूरे परिवार पर आर्थिक, मानसिक और सामाजिक बोझ बन जाता है। मैंने अपने डॉक्टर के जीवन में, चिकित्सकीय जीवन में ऐसे अनेक परिवार देखे हैं, जहां तंबाकू की शुरुआत महज जिज्ञासा से हुई, परंतु समाप्ति लंग कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, लीवर कैंसर, आकस्मिक हार्ट अटैक, इंटेस्टाइन कैंसर, गॉलब्लैडर कैंसर, पैंक्रियाज कैंसर, कोलोन कैंसर पर हुई। ऐसी बहुत सारी असमय मृत्यु इन कैंसर्स की वजह से हो जाती हैं।

यह विधेयक एक खतरनाक चक्र को रोकने का एक सशक्त प्रयास है, क्योंकि इसका उद्देश्य राजस्व नहीं है। इसका उद्देश्य जनजीवन की रक्षा है। हम यह भी समझते हैं कि जीएसटी के बदलावों के बाद यदि तंबाकू उत्पादों पर कर संरचना को समान रूप से संतुलित न किया जाए, तो ये उत्पाद अचानक सस्ते होकर युवाओं के हाथ तक पहले से अधिक तेजी से पहुंच सकते हैं। यह विधेयक तंबाकू को महंगा बना कर उसे युवाओं की पहुंच से दूर करना चाहता है, ताकि स्कूलों और कॉलेजों में बढ़ती खपत पर तत्काल अंकुश लगाया जा सके।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि कर बढ़ाने से अवैध व्यापार बढ़ेगा, लेकिन सच्चाई यह है कि मोदी सरकार ने तस्करी रोकने के लिए जिस प्रकार से ट्रैक एंड ट्रेस टेक्निक, सीमा शुल्क

Contents Page

व्यवस्था और जांच एजेंसियों को मजबूत किया है, वह यह साबित करता है कि अवैध व्यापार कर वृद्धि से नहीं, बल्कि कमजोर शासन से पनपता है। लेकिन यह मोदी सरकार है। यह मोदी सरकार कमजोर नहीं है, बल्कि यह मजबूत इरादों वाली मोदी सरकार है। तंबाकू से होने वाली आमदनी को केवल राजस्व के रूप में नहीं देखा जा रहा है। महोदय, हमारे सभागृह के माननीय नेता, हमारे आरोग्य मंत्री, माननीय जगत प्रकाश नड्डा जी का मैं मन से आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, ग्रामीण स्वास्थ्य मेडिकल कॉलेज की स्थापना और गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा में निवेश - इस तंबाकू से होने वाली आमदनी को उन्होंने राजस्व के रूप में न देखकर, इसमें निवेश करने का भी एक बड़ा काम आरोग्य मंत्री के नाते से किया है। उसके चलते यह व्यवस्था केवल कर संग्रह नहीं है, बल्कि कर सेवा बन गई है। इसलिए मैं मोदी सरकार का मन से आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि हम सिर्फ कर संग्रह करने वाली सरकार नहीं हैं, बल्कि हम कर सेवा करने वाले लोग हैं। जन स्वास्थ्य के माध्यम से, यह उत्पाद शुल्क का जो विधेयक है, यह एक बड़े पुण्य का काम है। माननीय मोदी जी के माध्यम से पूरे देश भर में युवाओं के बीच में इसको रोकने के लिए, इसकी रोकथाम के लिए, यह एक बहुत बड़ा काम कर रहा है।

महोदय, जहां तक किसानों की बात है, यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि यह कानून किसानों पर बोझ नहीं डालता। सरकार ने फसल विविधीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें विकल्प, प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान किया है। अर्थात् उनकी आय कम किए बिना, उन्हें तंबाकू जैसी हानिकारक फसल पर निर्भरता से मुक्त करने का एक प्रयास किया जा रहा है। यह विधेयक केवल एक बजटीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि एक ऐसा सामूहिक संकल्प है, जो यह कहता है कि देश का स्वास्थ्य, देश की अर्थव्यवस्था और देश के युवाओं का भविष्य, ये तीनों आपस में, एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। यदि इनमें से कोई एक कमजोर होता है, तो दूसरा आगे नहीं बढ़ सकता है।

महोदय, यहां पर हमारे जो कई विरोधी नेता हैं, उन्होंने बहुत सारे आरोप लगाए हैं, लेकिन वे आरोप लगा कर चले जाते हैं और सदन में उपस्थित नहीं रहते हैं। वे एक बार आरोप लगाते हैं और फिर पीठ दिखाकर भाग जाते हैं, लेकिन जब हमारे साथी बात करते हैं, तब उनको सुनने के लिए यहाँ कोई नहीं रहता है। महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से कहना चाहता हूँ कि हमारा एक उद्देश्य यह है कि जैसे हमने कांग्रेस मुक्त भारत तो किया ही है, वैसे ही अब हमें तंबाकू मुक्त भारत भी करना है। यह काम हमें मोदी जी के माध्यम से करना है। यह तंबाकू मुक्त भारत की जो बात है, तो जैसे हमारे नड्डा जी टीबी मुक्त भारत कर रहे हैं, वैसे ही अब हमारे सदन के सारे संसद सदस्यों को लेकर तंबाकू मुक्त भारत करना है। कांग्रेस मुक्त भारत तो हो ही चुका है, लेकिन अब तंबाकू मुक्त भारत करके, एक सशक्त भारत, एक सशक्त हिंदुस्तान के माध्यम से, मोदी जी के नेतृत्व में हमें आगे बढ़ना है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं पूर्ण निष्ठा के साथ कहना चाहता हूं कि यह संशोधन, 2047 में 'विकसित भारत' का जो मोदी जी का सपना है, उसके साथ जुड़ा हुआ है, जिसमें स्वास्थ्य केवल इलाज नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता है, जिसमें युवाओं की ऊर्जा केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि राष्ट्र की शक्ति है और जिसमें कर व्यवस्था केवल संग्रह का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का सेतु है। मैं इस विधेयक का दृढ़ समर्थन करना चाहता हूं, इसलिए कि इससे

Contents Page

आने वाली पीढ़ी को लाभ हो। इन चीजों के पैकेट के ऊपर लिखा होता है – "तंबाकू सेवन बहुत हानिकारक है", "इससे बहुत दर्दनाक मौत होती है।" ये सारी चीजें हैं, लेकिन सब कुछ सरकार को करना चाहिए, ऐसा हम सारे लोगों को नहीं सोचना चाहिए। जनता में भी इसको लेकर एक जन आंदोलन होना चाहिए, क्योंकि सब कुछ सरकार ही करेगी तो जनता क्या करेगी? हमारे जैसे सांसदों को भी इस जन आंदोलन में सहभागी होना चाहिए। जैसा हमने आंदोलन करके कांग्रेस को देश से बाहर भगा दिया, कांग्रेस मुक्त भारत किया, वैसे ही हम सारे सांसद मिलकर तंबाकू मुक्त भारत का आंदोलन चलाना चाहिए। हमारी सारी जनता, भारत की जनता, हिंदुस्तान की जनता और सारे संसदों को मिलकर यह काम करना चाहिए।

महोदय, मैं इसलिए इस विधेयक का दृढ़ समर्थन करता हूं। मैं इस सदन से आग्रह करता हूं कि हम सब मिलकर दृढ़ नीतियां बनाएं और एक दृढ़ संकल्प करें कि हमें भारत को केवल आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाना है। हमारे मोदी जी जो इस विश्व में हमारे हिंदुस्तान को एक महासत्ता के रूप में आगे लेकर जा रहे हैं, इसमें यह तंबाकू मुक्त भारत भी एक बहुत बड़ा कदम होने वाला है। चूंकि आने वाले हिंदुस्तान को हमारे युवा पीढ़ी के हाथ में देना है, हम जाते-जाते हमारी युवा पीढ़ी को पूरी तरह से तंबाकू मुक्त करेंगे। मैं हुजूर साहब गुरु गोविंद सिंह जी की नगरी, नांदेड़ से आता हूं। ...(**समय की घंटी**)... वहां पर हम पूरा नशा मुक्त अभियान चला रहे हैं। मैं इसी विषय में आपसे विनम्र प्रार्थना करता हूं कि हम देश की अर्थव्यवस्था भी संभालेंगे और तंबाकू मुक्त भारत भी करेंगे। इसके साथ ही, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Haris Beeran; not present. Shrimati Seema Dwivedi.

श्रीमती सीमा द्विवेदी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विधेयक पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूँ।

महोदय, मैं केंद्रीय उत्पाद-शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अपने विचार रखने का अवसर देने के लिए आपका धन्यवाद करती हूँ। सबसे पहले मैं अपने श्रद्धेय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहती हूँ, जिन्होंने देश के राजस्व ढाँचे, जन स्वास्थ्य और संघीय संतुलन, इन तीनों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण संशोधन सदन के समक्ष प्रस्तुत किया है।

महोदय, किसी भी सरकार का धर्म होता है कि वह स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में चिंता करे और हमारी लोकप्रिय सरकार इस बात की चिंता कर रही है कि लोगों के स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रखा जाए तथा अपने देश की भी सुरक्षा कैसे की जाए। इसके बारे में हमारी सरकार पूरी तरह से चिंता कर रही है।

[THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK) *in the Chair*.]

महोदया, दुनिया जानती है कि तंबाकू के कारण कितनी भयानक बीमारियाँ होती हैं। टीबी, कैंसर, गुर्दे के बीमारी आदि बहुत सारी ऐसी बीमारियाँ होती हैं, जो तंबाकू और सिगरेट आदि वस्तुओं के सेवन के कारण होती हैं। इसको रोकने के दो तरीके हैं - एक तरीका तो यह है कि

Contents Page

इसके लिए जन-जागरण चलाया जाए, जन-अभियान चलाया जाए, समय-समय पर सरकार यह करती है, विज्ञापन करती है, प्रचार करती है, प्रसार करती है और दूसरा तरीका यह है कि जो ऐसी वस्तुएँ हैं, तंबाकू से संबंधित जो वस्तुएँ हैं, उनको इतना महँगा कर दिया जाए कि उपभोग करने वाला व्यक्ति इसको खरीदने के बारे में सोचे कि हाँ, इसमें इतना पैसा लगता है।

महोदया, मैं यह भी कहना चाहती हूँ कि लगता है कि इस पर टैक्स बहुत लगा है या ऐसा लग रहा है कि टैक्स इस पर लगा है। यह बात सही नहीं है कि इस पर टैक्स लगा है। बात इसके बिल्कुल उल्टा है। विपक्ष को लग रहा है कि इस पर टैक्स ज्यादा लग गया है, लेकिन मैं यह कहती हूँ कि यह इसका उल्टा है। कोई भी नागरिक तंबाकू उत्पादन कम करेगा, तो वह स्वस्थ रहेगा और उसको बीमारी नहीं होगी, अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। उसका स्वास्थ्य सही रहेगा, तो वह बेहतर काम करेगा। अगर वह बेहतर काम करेगा, तो वह बेहतर आमदनी भी प्राप्त करेगा। तमाम वैज्ञानिक अध्ययन से यह स्पष्ट है कि जब कोई व्यक्ति स्मोकिंग करता है, सिगरेट पीता है, तो उससे निकलने वाले धुएँ से बच्चों के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत खराब असर पड़ता है। यहाँ तक कि अगर बच्चा अपनी माँ के गर्भ में है, तो भी उसके ऊपर बड़ा बुरा असर पड़ता है।

महोदया, 22 सितंबर, 2025 को सरकार ने जीएसटी घटाई। सरकार को जीएसटी घटाने के कारण 48,000 करोड़ रुपए का घाटा हुआ, लेकिन जनता को फायदा हो, इसको ध्यान में रख कर सरकार ने राजस्व की चिंता न करते हुए जनता का भला करने के लिए जीएसटी को इतना घटाने का काम किया। पूरे देश के आम व्यक्तियों, व्यापारियों, सबने बड़ी मजबूती के साथ यह बात कही कि घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार। इससे पूरे देश में खुशी का माहौल आया। जीएसटी इतनी घट गई कि देश भर में इसके बारे में भी चर्चा होनी शुरू हो गई।

महोदया, तंबाकू पर कर वृद्धि करना बहुत महत्वपूर्ण कदम है। हम उत्तर प्रदेश से आते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल, लगभग सभी प्रदेशों में तंबाकू का सेवन प्रायः गरीब तबके के लोग ज्यादा करते हैं। सिगरेट पीना शौक की बात हो सकती है, सिगरेट पीना दिखावा हो सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है कि तंबाकू खाना भी दिखावा हो सकता है। तंबाकू को लोग ज्यादा पसंद करते हैं, क्योंकि यह बड़ी आसानी से मिल जाती है। मैंने तो कई बार ट्रेनों में देखा है कि जान-पहचान नहीं है, लेकिन अगर किसी के हाथ में ऐसे-ऐसे हो रहा है, तो बगल वाला हाथ बढ़ा देता है कि मुझे भी दे दीजिए। सब लोगों ने यह देखा होगा। इसमें कोई छुआछूत नहीं है, कोई भेदभाव नहीं है, कोई बात नहीं है। अगर किसी के हाथ में सुरती मिल गई, तो ऐसा देखने को मिल जाता है। एक बार मैं ट्रेन से आ रही थी, तब मैं विधायक नहीं थी, सांसद नहीं थी, तब ट्रेन में एक सज्जन सुरती बना रहे थे, उसको हमारे उत्तर प्रदेश में सुरती बोलते हैं, तो बगल वाले ने उससे कहा कि आपने सुरती बड़ी अच्छी बनाई है। उन्होंने जवाब दिया कि ऐसे नहीं होती सुरती। उन्होंने उसको गा कर बताया कि अस्सी चुटकी, नब्बे ताल, तब देखो खैनी का कमाल। मतलब खैनी इतना प्रसिद्ध है कि इसके बारे में मैं आपको क्या बताऊँ। महोदया, मैं सरकार को बधाई देना चाहती हूँ कि हमारी सरकार, श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी, हमारे गृह मंत्री, आदरणीय अमित शाह जी, इन सबने यह संकल्प लिया है कि पूरे भारत को नशा-मुक्त करेंगे, पूरे भारत को टीबी-मुक्त करेंगे, पूरे भारत को तंबाकू-मुक्त करेंगे। ऐसा संकल्प हमारी सरकार ने लिया है। महोदया, ऐसा संकल्प लेना भी चाहिए, क्योंकि इससे बहुत सी बीमारियाँ होती हैं, कैंसर होता है। कैंसर का बहुत महँगा इलाज

Contents Page

होता है। मैं मोदी सरकार को धन्यवाद दूँगी कि इन्होंने कैंसर की दवाइयों पर से जीएसटी को खत्म करके उसके इलाज में सुविधा प्रदान की है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि हम सुरती खाएँ, इसका मतलब यह नहीं कि हम सिगरेट पीएँ और तंबाकू खाएँ।

अभी हमारे विपक्ष के साथी डा. संदीप पाठक जी कह रहे थे कि सरकार ने टैक्स बढ़ाकर फायदा लेने का काम किया है, इससे केंद्र को फायदा होगा। मैं आपसे पूछना चाहती हूँ कि जो पैसा केंद्र को आता है, उसमें से 41% रुपया सारे राज्यों को भी जाता है। ऐसा कौन सा राज्य है, जो जरा खड़ा होकर बताए कि उसने कहा हो कि जो 41% रुपया हमारे पास तंबाकू के टैक्स का आया है, उसको मैं नहीं लूँगा? यह कोई खड़ा होकर बताए, लेकिन कोई नहीं बताता है। जब हमारी सरकार अच्छा काम करना चाहती है, उसकी भी तारीफ आप लोग नहीं करते हैं।

महोदया, इस विधेयक के माध्यम से दो महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। पहला, अनिर्मित तंबाकू दर पर कर 64% से बढ़ाकर 70% कर दिया गया है। दूसरा, चबाने वाले तंबाकू पर 25% की वृद्धि करके इसे 100% कर दिया गया है।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK): Please conclude.

श्रीमती सीमा द्विवेदी: ये दोनों संशोधन केवल नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि जन- स्वास्थ्य की रक्षा का एक अत्यंत आवश्यक हस्तक्षेप है। तंबाकू से होने वाली बीमारियों से देश में लाखों लोग प्रभावित होते हैं और स्वास्थ्य पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। खासकर, जो स्कूल और कॉलेज के बच्चे हैं, वे इसका सेवन ज्यादा करते हैं। ऐसे में इन करों का बढ़ाना सीधे-सीधे अस्वास्थ्यकर उत्पादों की खपत कम करने में मदद करेगा।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK): Please conclude.

श्रीमती सीमा द्विवेदी: यह एक सराहनीय कदम है। किसी का स्वास्थ्य अच्छा रहे और स्वास्थ्य बिगाड़ने वाले जो कारक हैं, उन पर अगर शुल्क बढ़ा दिया जाए, तो मैं समझती हूँ कि यह एक स्वागतयोग्य कदम है।

महोदया, माननीय प्रधान मंत्री जी की जनहित सोच में यह संशोधन दोहरी भूमिका निभाता है। पहला, तंबाकू की खपत कम होने से जन-स्वास्थ्य में सुधार आएगा। ...(**समय की घंटी**)... समय समाप्त? इतनी जल्दी! अभी तो बहुत कुछ बाकी है!

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती एस. फान्गनॉन कोन्याक): अब आप conclude कीजिए।

श्रीमती सीमा द्विवेदी: दूसरा, उच्च कर दरों के माध्यम से सरकार का राजस्व मजबूत होगा, जो आगे चलकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों में उपयोग हो सकेगा। इस प्रकार, यह संशोधन सिर्फ कर संग्रह नहीं, बल्कि लोक कल्याण को केंद्र में रखने वाली उस वित्त नीति का हिस्सा है, जिसका गरीब समर्थक और किसान समर्थक दृष्टिकोण है। यह विधेयक गरीब विरोधी विधेयक नहीं, बल्कि गरीब समर्थक विधेयक है। तंबाकू का सबसे अधिक दुष्प्रभाव गरीब परिवारों पर पड़ता है, चाहे वह बीमारी का बोझ हो, चाहे आय के नुकसान का बोझ हो या

चिकित्सा खर्च का बोझ हो। इसके साथ ही, सरकार किसानों के हितों की भी रक्षा कर रही है। तंबाकू किसान वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ सके, इसके लिए तकनीकी समर्थन, बाजार उपलब्ध कराना और कृषि विविधीकरण कराने जैसी नीतियाँ सरकार की प्राथमिकता में हैं। ...(**समय की घंटी**)... महोदया, यह एक महत्वपूर्ण विधेयक है।

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK): Dr. Fauzia Khan.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Madam, the Central Excise (Amendment) Bill, 2025 revives excise duty on tobacco products after the GST compensation cess expires, undermining GST's foundational promise of one nation-one tax. This will leave manufacturers dealing with two tax audits, two valuation regimes, double the filings and the risk of old excise disputes. The Bill and its *Explanation* do not clarify how the dual systems would coordinate or share data nor do they address the added compliance burden.

Madam, Parliament must, therefore, demand a clear harmonization framework through unified audits, shared portals or transitional rules before approving this shift. Absent such safeguards, the Bill risks fragmenting India's indirect tax structure while complicating compliance for the tobacco industry. As far as safeguards are concerned, so many Members have spoken about health risks. First, e-commerce and quick commerce platforms are delivering cigarettes and other tobacco products without any real age verification, making it frighteningly easy for children and minors to access them and weakening the very protections built into the COTPA. Second, the 100-yard prohibition meant to keep tobacco away from the school, hospitals, etc., is simply not being enforced, whether offline or online. Digital delivery allows these products to reach children without any of the safeguards that exist in the physical world. I urge the Government to state whether it has taken cognizance of these violations and what action, through notices, penalties or prosecution, is being taken to ensure that online platforms do not become the easiest gateways for our children to obtain tobacco. Health risks are many and this has been noted also by the Supreme Court, which has called this a generational threat. It is a multi-dimensional public health emergency. My question to the Government is: Since divinity descended on this nation 11 years back, does divinity allow us to provide poison to the population for money? Are we not going to think about getting away with this? India spends far more on treating tobacco-related disease than it earns from taxing it. The economic cost of tobacco use stood at Rs.1.77 lakh crores in 2017-18, while excise tax collections that year met barely 12 per cent of this burden on our families and health systems. This is not just a fiscal mismatch; it reflects the human cost we can no

Contents Page

longer afford to give. If we are ready to compromise health with this system, I do not think we are anywhere near divinity. I would like to speak about lip service to divinity. If we are just calling ourselves very divine, very spiritual and talking about it, it will get us nowhere. Shakespeare has said, "Nothing gets nothing out of it." So, we are just saving nothing and earning nothing because we are in the same place, compromising with the health of our citizens. I urge the Government to send this Bill to the Standing Committee on Finance for thorough examination and report on integration and also come out with a comprehensive policy which also gives us an enlightenment of what are the health risks, how much are we spending on tobacco-use-inflicted diseases and how much we are earning out of it. If we make a comparison, I think, it will show us that if we do away with this revenue, the health of the nation will progress, but we will also go towards financial positivity in a few years.

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK): Shri Haris Beeran.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Madam, Vice-Chairman, we are discussing the Central Excise (Amendment) Bill, 2025, which is an indirect taxation. What is the concept of taxation, particularly direct taxation like income tax and all? There will be different slabs for different revenue people earn like till Rs.4 lakhs, there will not be any taxation, from Rs.4 lakhs to Rs.8 lakhs, it will be 5 per cent, from Rs.8 lakhs to Rs.12 lakhs, it will be 10 per cent, etc. Therefore, the concept of taxation is that the people who earn more revenue will have to incur more tax. Now, unfortunately, in this particular Bill, the increase in duty on unmanufactured tobacco from 64 per cent to 70 per cent and chewing tobacco from 25 per cent to 100 per cent will disproportionately affect the poorest and most vulnerable sections of the society, who are more likely to consume these. Now, these are all cheaper and traditional forms of tobacco and these are consumed by these vulnerable sections of the society. So, a hike of 400 per cent on chewing tobacco is regressive, making the poor bear the brunt of the sin tax. Now, I can understand the 'sin tax' concept. 'Sin tax' concept is actually brought in so that the health as well as the welfare of the society can be managed accordingly by putting additional tax on these particular products. But, the problem is that all measures to promote these products are actually in place now. There is promotion of these products through advertisements, huge film actors coming in, huge amounts of moneys being spent, etc. So, there is no restriction or regulation, as far as the promotion of these particular products is concerned. Now, when the Government claims that these measures target consumption and not production, the immediate

hike in duty on unmanufactured tobacco from 64 per cent to 70 per cent directly impacts the primary products sold by the farmers. This will naturally suppress the market for their goods, regardless of diversification efforts. Now, the increase in duty on tobacco for *biris* threatens the livelihood of lakhs of *biri* rollers who are largely women from vulnerable economic backgrounds. The claim that this is not an attack on *biri* workers is undermined by the economic reality of reduced demand due to higher prices. Where is the dedicated welfare and re-skilling package for these workers? If they had set apart a portion of this particular taxation for the purpose of relocation of these vulnerable sections who are actually the manufacturers and the consumers, then one could have understood. Now, who consumes these products? It is not consumed by the wealthy, not the middle class; it is the poorest labourers, migrants and rural workers who consume these. When the Government claims that this is a public health measure, why is the brunt of the punishment falling on the poorest?

Now, if the public health were the real priority, why is the harshest taxation applied on the cheapest products used by the vulnerable, while the more affluent users of premium cigarettes see a smaller proportional burden? The truth is simple. This is revenue first and not health first. Thank you, Madam.

THE VICE- CHAIRPERSON (SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK): Now, the hon. Member, Shri Amar Pal Maurya.

श्री अमर पाल मौर्य (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत आज नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नित नए संकल्पों को पूरा करने के लिए जाना जाता है। जब मनुष्य के स्वास्थ्य और सुरक्षा की बात आती है, तो नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर पूरे देश को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने के लिए मानक तय किये हैं। उसमें देश के किसी भी कोने में रहने वाला व्यक्ति हो, सबके जीवन की सुरक्षा करना इस सरकार का नैतिक दायित्व है। सरकारें पहले भी रही हैं और बहुत सारे सुधारों की जरूरत थी, उन सुधारों पर काम करने की आवश्यकता थी, लेकिन देश की आज़ादी के बाद से 60-70 सालों तक इस देश के अंदर उन सुधारों की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया और ध्यान इसलिए नहीं गया, क्योंकि किसी को उससे लगाव नहीं था। अभी हमारे विपक्ष के बहुत सारे माननीय सांसदों ने कहा कि इससे मिडिल क्लास और लोअर क्लास के लोगों को बहुत ज्यादा दिक्कतें होने वाली हैं। मैं उनको कहना चाहता हूं कि उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना कहां तक न्यायसंगत है। अगर उनके जीवन की रक्षा करनी है, उनके जीवन को बचाना है, तो किन्हीं भी स्थितियों में जाने की आवश्यकता है। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने तम्बाकू उत्पादों पर करों में वृद्धि के माध्यम से तम्बाकू कराधान को स्थिर बनाए रखने के लिए, तम्बाकू उपभोग में कमी लाने हेतु जन स्वास्थ्य प्रयासों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया गया है। सिगरेट, तम्बाकू केवल

Contents Page

एक आदत नहीं है, यह एक धीमा जहर है। यह जहर हर दिन हमारे समाज के लोगों को बीमार कर रहा है। कभी अस्पतालों में जाकर देखने का अवसर प्राप्त हो, तो जनप्रतिनिधियों को वहां जाने के बारे में जरूर सोचना चाहिए। तब अनुभव होता है, एहसास होता है कि इस सिगरेट और तम्बाकू के धुएं से बीमारी से किस प्रकार की स्थितियां होती हैं। जो गरीब परिवार हैं, जिनके घर में इलाज की व्यवस्थाएं नहीं हैं और जिनका सारा जीवन परिवार के लिए एक वक्त की रोटी के लिए सारा दिन मेहनत और मजदूरी करने में चला जाता था... उस परिवार का मुखिया जब बीमार हो जाता था, तो उसके पास इलाज के लिए, दवाई के लिए पैसे नहीं होते थे, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014 में ही संकल्प लिया था कि जो देश के लोग हैं, वह चाहे गरीब हो, अमीर हो या किसी भी प्रकार का व्यक्ति हो, उसके स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से, यह व्यवस्था करना उनके जीवन की प्राथमिकता थी। इसलिए उन्होंने उस प्राथमिकता में स्वास्थ्य को लेकर एक बड़ी योजना पर काम किया। उन्होंने 'आयुष्मान भारत योजना' के माध्यम से लोगों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने का संकल्प पूरा किया। महोदय, इतना ही नहीं, आपने और हम सभी ने भी देखा है कि व्यक्ति को जब सरकार के माध्यम से किसी भी प्रकार की सुविधा प्राप्त हो जाती है, तो उसके जीवन में जीने की संकल्पशक्ति दोगुना बढ़ जाती है। जब हम तंबाकू की बात करते हैं - अभी हमारे माननीय सदस्यों ने भी कहा है कि इसमें किसानों को नुकसान होगा, तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उस परिवार का सदस्य हूं, उस परिवार का बेटा हूं, जहाँ मेरे अपने घर में आज़ादी से पहले भी तंबाकू की खेती होती थी। तंबाकू का पेड़ कहाँ होता है, नीचे होता है, ऊपर होता है, लोगों को शायद यह भी नहीं पता होगा, लेकिन वे तंबाकू के विषय में किसानों के नुकसान बात करते हैं। यहां पर विपक्ष के लोग [£]करने का काम करते हैं। महोदया, इन्होंने 60 सालों तक देश के, समाज के लोगों को [£]करके सत्ता पर काबिज़ होने का जो पाप किया है, उस पाप की सजा जनता ने इनको इस प्रकार से दी है कि आज देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता दी है।

महोदया, नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया है कि देश के अंदर कोई भी ऐसा प्रश्न नहीं है, जिसको हम हल करके नहीं दिखाएंगे। उन्होंने जीवन में संकल्प किया है कि :

'आज नहीं तो कल निकलेगा,
हर प्रश्न का हल निकलेगा।
मन में साहस विजय जो होगी
तो मरुस्थल से भी जल निकलेगा।'

महोदया, ये लोग, जो संकल्पना कर रहे हैं कि आपने उत्पाद में जो टैक्स बढ़ा दिया है, उससे जनता को क्या फायदा होगा, लोगों को क्या फायदा होगा, तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इससे लोगों को बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। जब उन्होंने गैस सिलेंडर्स बांटे थे, तब लोगों ने उनका मजाक उड़ाया था कि गैस का सिलेंडर देने से क्या हो जाएगा, जब उन्होंने शौचालय बनवाए थे, तब भी लोगों ने उनका मजाक उड़ाया था, जब उन्होंने कोविड जैसे महामारी में वैक्सीन का निर्माण करके पूरे देशवासियों को निःशुल्क वैक्सीन देने का काम किया था, तब भी विपक्ष के नेताओं ने 'मोदी वैक्सीन' प्रचारित करके एक पाप करने का काम किया था, लोगों के जीवन के

[£] Exupnged as ordered by the Chair.

Contents Page

साथ खिलवाड़ करने का काम किया था। महोदय, इस खिलवाड़ को यह देश देखता है और इसके लिए यह देश उन्हें कभी माफ नहीं करने वाला है।

महोदया, आप किसानों की बात करते हैं, मैंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, हमारी पीढ़ियां तंबाकू की खेती करती आई थीं, हमने भी की थी और इस प्रावधान में, इस विधेयक में उत्पादनकर्ता पर, किसानों पर कोई टैक्स नहीं है, जो उपभोक्ता है, केवल उसी के ऊपर टैक्स लगाया गया है, जिससे गरीब के विकास की योजनाओं पर काम किया जाएगा। महोदया, इस प्रकार की अफवाह फैलाने की क्या आवश्यकता है? विपक्ष का काम हर विधेयक का विरोध करना नहीं है। आप सुझाव दीजिए, यदि आपको ऐसा लगता है कि इसमें और एडिशन हो सकता है, तो यह पूरा सदन आपके सुझाव को स्वीकार करने के लिए तैयार है, लेकिन असत्य बोल कर देश की जनता को [£] करने का आपको कोई अधिकार नहीं है। आज देश में, समाज में जो जनता है, वह सब कुछ देखती है और जिस परिवार के साथ हमने ऐसी वेदनाएँ होती देखी हैं, उनका दर्द हम समझ सकते हैं। इस सिगरेट और तंबाकू के एडिक्शन से लोगों के जीवन समाप्त हो गए हैं। हमने उनके परिवारों को अपनी आंखों से उजड़ते हुए देखा है। उस परिवार के जीवन में कैसे खुशहाली आ सकती है, अगर इस दर्द के बारे में कोई सोच सकता है, तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ही ऐसा सोच सकते हैं। एक कहावत है, '*जिसके पैर न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई।*' आज इस समाज में, उन लोगों को चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रखने के लिए नरेन्द्र मोदी जी ने आह्वान किया है कि देश के अंदर किसी भी प्रकार की चुनौतियां आईं, यह पूरा देश मिलकर लड़ता है, फिर वह चाहे प्लेग की बीमारी रही हो, कोविड की बीमारी रही हो, चाहे पोलियो की बीमारी रही हो, चाहे टीबी की बीमारी रही हो। भारत इस तंबाकू और सिगरेट से लड़ने का साहस भी नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में करके दिखाएगा, हम इसको भी पूरा करेंगे। यह जीवन का संकल्प है और जब जीवन का संकल्प नरेन्द्र मोदी सरकार तय करती है, तो उसको पूरा करने का लक्ष्य भी प्राप्त करती है। हमने यह कार्य 2014 के संदर्भ के साथ और आज जो हमारी तीसरे टर्म की सरकार प्रारंभ हुई है, तब से करके दिखाया है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश किया है। 2014 तक देश में एम्स के केवल सात संस्थान थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 23 हो चुकी है। इसी तरह मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी दोगुनी की गई है, क्योंकि जब डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी तभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में नागरिकों की रक्षा की जा सकेगी। डॉक्टरों की संख्या कैसे बढ़े - इसके लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई। मैं जिस उत्तर प्रदेश से आता हूँ, वहाँ हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि पूरे राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आज 42 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। यह भारतीय जनता पार्टी और आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन सुरक्षित हो सके। इसके अलावा, आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त और सस्ती इलाज की व्यवस्था की गई है। अब तक नौ करोड़ से अधिक मरीजों का इलाज इसके अंतर्गत हो चुका है। यह मोदी सरकार है, जिसने जीएसटी के उपकर को हटाकर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में आवश्यक बदलाव किए। कुछ माननीय सदस्य राज्यों के हिस्से की बात कर रहे थे, तो इस विषय को भी हमारे

[£] *Exupnged as ordered by the Chair.*

Contents Page

माननीय सदस्यों ने दोहराया है। मैं इस विषय पर नहीं जाना चाहता हूँ। मैं यह अवश्य कहना चाहता हूँ कि वर्तमान समय में कुछ मानवीय पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है - जैसे इससे स्वास्थ्य पर सरकार का खर्च घटता है। जब हम तम्बाकू और सिगरेट छोड़ने का आह्वान करते हैं, तब स्वास्थ्य का बजट कम होता है। तम्बाकू-जनित बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है और देश के अस्पतालों में हर वर्ष लाखों-करोड़ रुपये केवल इन्हीं बीमारियों पर खर्च होते हैं। जब लोग तम्बाकू का उपयोग कम करते हैं, तब अस्पतालों का बोझ घटता है। डॉक्टर और संसाधन अन्य बीमारियों पर ध्यान दे पाते हैं। दवाइयों और इलाज में बचा पैसा उनके बच्चों की पढ़ाई में काम आता है। सरकार का पैसा उनके विकास की योजनाओं में खर्च हो पाता है। इतना ही नहीं, जब नागरिक स्वस्थ रहते हैं, तो राष्ट्र भी स्वस्थ होता है और वे अधिक काम करके, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में मदद करते हैं। जो काम के दिन बीमारियों के कारण खराब होते थे, उनकी भी बचत होती है। चाहे कर्मचारी हों या मजदूर - वे स्वस्थ होते हैं, तो अपने परिवार के लिए ज्यादा जीविकोपार्जन करने की क्षमता हासिल करते हैं।

महोदया, मैं एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहूँगा। कर व्यवस्था को लेकर आचार्य चाणक्य ने कहा था कि देश में कर की पद्धति ऐसी होनी चाहिए, जैसे फूलों से मधुमक्खी रस ले लेती है, लेकिन किसी भी फूल को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। ठीक उसी प्रकार नरेन्द्र मोदी सरकार की नीतियाँ हैं, जिनमें कर व्यवस्था के साथ-साथ जनता के स्वास्थ्य की रक्षा हो सके और उस रक्षा में हम सहभागी बनें। इतना निवेदन करते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ और इस बिल का समर्थन करता हूँ।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

SHRI SADANAND MHALU SHET TANAVADE (Goa): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. The Central Excise (Amendment) Bill, 2025 is a necessary fiscal and public health intervention aimed at ensuring that as the GST Compensation Cess is phased out, as was agreed collectively by States, tobacco product do not suddenly become cheaper and more accessible. The Government's intention is not to impose new burdens, but to preserve the existing deterrence against harmful consumption and maintain stability in pricing to prevent a rise in addiction, especially among the youth. Tobacco remains among the leading causes of non-communicable diseases, including cancer, heart disease and respiratory illness, creating enormous social and economic costs for families, particularly for lower-income households who part with their savings merely to access treatment. International experience shows that price-based deterrence through taxation is one of the most effective tools to curb tobacco usage. This legislation reflects evidence-based approach. Higher and stable taxation directly protects adolescents, students and economically vulnerable population who are the most price-sensitive and, therefore, the most likely to initiate tobacco use when products become cheaper. Cheap tobacco is not about personal liberty; it is

Contents Page

about creating lifelong addiction pathways for a new generation.

The Bill fully respects the structure of fiscal federalism. The GST Compensation Cess was, by design, a time-limited instrument. Its conclusion does not dilute the rights of States. Under the Finance Commission framework, States will continue to receive 41 per cent of the divisible pool, a historic increase implemented under the Modi Government, ensuring fiscal stability at the State level while maintaining national revenue balance.

For Goa in particular, the legislation assumes special significance. The State is witnessing an upward trend in cancer and lifestyle diseases linked to tobacco consumption, increasing pressure on district hospitals and tertiary facilities, including the Goa Medical College. By preserving tobacco price deterrence, this Bill strengthens both prevention and long-term sustainability of healthcare system that serve Goan families.

As a tourism-driven economy, Goa also bears the responsibility of promoting healthier social environments for residents and migrant workers alike, especially in hospitality, transport and service sectors where occupational stress often increases vulnerability to tobacco addiction. Preventive policy today reduces future health burdens both for our State and the country.

Importantly, this Bill must not be misunderstood as being anti-farmer or anti-worker. The intervention targets consumption, not livelihoods. Crop diversification schemes continue to support tobacco farmers in transitioning toward alternative and sustainable agriculture, with over one lakh acres already shifted nationally, proving that public health protection and farmer welfare can advance together.

Concerns regarding illicit trade have also been directly addressed. The Government has strengthened track-and-trace systems, implemented digital tax stamping and enhanced operational coordination between the Customs, the GST authorities and the Directorate of Revenue Intelligence. These measures have already resulted in record tobacco-smuggling seizures, indicating growing enforcement capability under the NDA Government.

The Bill aligns India with global public health standards recommended by the World Health Organization and other international best practices, ensuring we do not lag behind developed nations in safeguarding public health.

Ethically, this legislation also reflects balanced governance, collecting revenue from harmful non-essential products while easing burdens on the middle class and keeping taxes low on essential commodities. It is both economically prudent and socially responsible.

Contents Page

As India marches towards the vision of Viksit Bharat, health protection must walk alongside economic growth. Addiction weakens productivity, disrupts families and drains financial stability. Investing in prevention today preserves a healthier, stronger workforce tomorrow.

The Central Excise (Amendment) Bill, 2025 therefore stands not merely as a tax measure, but as a strategic public health intervention, a fiscal stabilising instrument, and a statement of ethical governance, one that safeguards our youth, strengthens our healthcare institutions, respects States' revenues, and advances the collective goal of building a healthier India. Thank you, Sir.

श्री महेंद्र भट्ट (उत्तराखंड): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इसका उद्देश्य केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम 1944 में संशोधन करना है। यह धारा 3 के तहत लगाया जाता है। इससे भारत में निर्मित या उत्पादित वस्तुओं पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क लगाने और संगृहीत करने का प्रावधान है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के उत्पादों पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की दरों में संशोधन है। तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी बढ़ने से कर राजस्व की रक्षा होगी। सरकार के इस विधेयक का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद टैक्स को संरक्षित करने के लिए सरकार को तंबाकू और तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाने से राजकोषीय गुंजाइश प्रदान करना है। इसका उद्देश्य जन स्वास्थ्य और राजस्व को मजबूत करना है। सरकार ने तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों जैसी हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाकर और साथ ही उत्पाद शुल्क में वृद्धि करके जन-कल्याण की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया है। हानिकारक उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करना तथा महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए राजस्व बढ़ाना इसके उद्देश्य हैं। युवाओं और कमजोर समुदायों के बीच तंबाकू के समर्थन को कम करने एवं स्वयं बुलाए, स्वयं अर्जित रोग से मुक्ति के लिए इस विधेयक का लाना नितांत आवश्यक हो गया था। जब सरकार मध्यम वर्ग के सभी लोगों के लिए उनके कर के बोझ को कम कर रही है, गरीबों के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, तो तंबाकू जैसे हानिकारक और गैर-जरूरी उत्पादों से राजस्व संग्रह विवेकपूर्ण और न्यायसंगत है।

महोदय, तंबाकू से कैंसर और हृदय रोग की चर्चा पूर्व में आई है। इससे हृदय रोग, फेफड़ों के रोग, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। इससे हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ता है। इससे पेट में अल्सर और कैंसर बढ़ता है। सिगरेट पीने से फेफड़ों का कैंसर होता है और 90 प्रतिशत फेफड़े इससे प्रभावित होते हैं। सीओपीडी की 85 से 90 प्रतिशत बीमारी सिगरेट पीने से होती है। इससे हृदय रोग और अस्थमा जैसे रोग होते हैं।

महोदय, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में तंबाकू निर्यात से देश को 12,005.89 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। पिछले 5 वर्षों में निर्यात में 87 परसेंट वृद्धि हुई है। भारत दुनिया का दूसरा

Contents Page

सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक देश है। इस नाते अगर हम उससे निर्मित सिगरेट और इन सबका रेट बढ़ाते हैं, तो इससे विदेशों से हमारे राजस्व की वृद्धि होगी। यह एक अच्छा निर्णय है।

महोदय, गुजरात राज्य सबसे ज्यादा तंबाकू उत्पादक राज्य है। अभी इसकी जो कीमत थी, वह सिगरेट के लिए 238 से 250 रुपए प्रति क्विंटल थी। अब तंबाकू और पान मसाला में 28 प्रतिशत जीएसटी को 40 प्रतिशत किया गया है। यह विधेयक सिगरेट, सिगार, हुक्का, जर्दा समेत अन्य तंबाकू उत्पादों पर शुल्क लगा कर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा। साथ ही, इस विधेयक के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाले पर लगाए जाने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों के लिए अतिरिक्त संसाधन एकत्र करना है। जुलाई, 2017 में जीएसटी की शुरुआत हुई। उस समय राज्यों को होने वाले नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति उपकर लगाने की व्यवस्था थी, जो 5 वर्षों तक के लिए ही थी। लेकिन कोरोना के बाद इसे 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया। इससे कोविड-19 की अवधि के राज्यों के नुकसान की भी भरपाई होने की संभावना है। इससे अनिर्मित तंबाकू, तंबाकू उत्पादों और तंबाकू के विकल्पों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में वृद्धि होगी। अब अनिर्मित तंबाकू का शुल्क 64 प्रतिशत से बढ़ कर 70 प्रतिशत होगा। पहले एक्ट में प्रति 1,000 सिगरेट पर 200 से 735 रुपए के बीच का उत्पाद शुल्क लगता था, वहीं अब इस बिल के तहत बढ़ा हुआ शुल्क प्रति 1,000 पर 2,700 से 11,000 के बीच रहेगा। अब चबाने वाले तंबाकू पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ कर 100 प्रतिशत रहेगा। हुक्का, गुटखा या तंबाकू पर यह 25 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत होगा। पाइप और सिगरेट के स्मोकिंग मिक्सचर पर शुल्क 60 प्रतिशत से बढ़ कर 325 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

मान्यवर, सस्ती सिगरेट और गुटखा खाने वाली आज की जो पीढ़ी है, नवजात पीढ़ी है, उसको इस लत से बचाने के लिए यह एक बहुत सकारात्मक प्रयास है। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि भारत में तंबाकू सेवन का जो प्रचलन 38.3 प्रतिशत है, इसमें निश्चित रूप से इसके द्वारा कमी आएगी। यह एक रणनीतिक, पीढ़ीगत निवेश है, जो देश को एक स्वस्थ और अधिक उत्पादक जनसंख्या सुनिश्चित करता है। ...(**समय की घंटी**)...

महोदय, मैं पुनः बधाई देता हूं और इस विधेयक का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री उपसभापतिः धन्यवाद। श्री धनंजय भीमराव महादिक जी।

श्री धनंजय भीमराव महादिक (महाराष्ट्र)**:** उपसभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 पर बोलने का मौका दिया।

उपसभापति जी, यह बिल तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने के लिए लाया गया है, जिससे तंबाकू के उपभोग और उपयोग में कमी आए। इससे लोगों का स्वास्थ्य सुदृढ़ रहे, इसकी चिंता की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य सिन गुड्स, जो शरीर के लिए हानिकारक हैं, उनके ऊपर एक्साइज़ ड्यूटी लगाना है। पहले अनिर्मित तंबाकू पर 64 प्रतिशत टैक्स था, जिसे अब बढ़ा कर 70 प्रतिशत कर दिया गया है।

Contents Page

5.00 P.M.

पहले सिगरेट पर प्रति हजार 250 रुपये टैक्स था, जिसे बढ़ाकर 4,500 कर दिया गया है और चबाने वाले तंबाकू पर इसे 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया गया है। 22 सितंबर, 2025 से जो GST 2.0 प्रभावी किया गया, उसके सुधारों के अंतर्गत सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पाद, जैसे sin goods पर कर को 40 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।

महोदय, तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि, जिसका उद्देश्य जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को साथ मिलाकर इसके उपभोग को उल्लेखनीय रूप से हतोत्साहित करने की अपेक्षा रखता है। प्रधान मंत्री मोदी जी का 'सबका साथ, सबका विकास' का जो नारा है, यह उसका भी समर्थन करता है। इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित मोदी सरकार ने तंबाकू और तंबाकू उत्पादों जैसी हानिकारक वस्तुओं पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने के साथ ही उत्पाद शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि को करने के लिए जन कल्याण की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया है। इन सुनियोजित राजकोषीय उपायों का उद्देश्य हानिकारक उत्पादकों के उपभोग को हतोत्साहित करना और साथ ही महत्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय के लिए राजस्व बढ़ाना है।

सर, इसमें जन स्वास्थ्य के लिए भी चिंता की गई है। जैसे सरकार अपने वादे के अनुसार जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर रही है, उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि तंबाकू जैसे हानिकारक उत्पाद अचानक सस्ते और अधिक सुलभ न हो जाएं। कीमतों में गिरावट और उसके परिणामस्वरूप खपत में वृद्धि को रोकने के लिए प्रस्तावित 40 प्रतिशत जीएसटी और इसके अनुपात में उत्पाद शुल्क में वृद्धि आवश्यक संतुलनकारी उपाय के रूप में काम करेगी। यह सुविचारित दृष्टिकोण मूल्य स्थिरता बनाए रखता है, युवाओं और कमजोर वर्गों को तंबाकू के बढ़ते जोखिम से बचाता है और राजकोष पर बोझ डाले बिना जन स्वास्थ्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। संक्षेप में, यह सुधार निवारक क्षमता को बनाए रखता है, राजस्व तटस्थता सुनिश्चितता करता है और राष्ट्र के स्वास्थ्य के हितों को सर्वोपरि रखता है। इसके उपवित्त को लोक कल्याण करने के लिए भी उपयोगी माना जाता है।

महोदय, ऐसे समय में, जब सरकार मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम कर रही है और कमजोर परिवारों को मुफ्त राशन प्रदान कर रही है, हानिकारक और गैर-जरूरी उत्पादों से राजस्व प्राप्त करना विवेकपूर्ण और न्यायसंगत दोनों है। तंबाकू पर बढ़े हुए उत्पाद शुल्क के माध्यम से एकत्र किया गया प्रत्येक रुपया सीधे राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देता है। इसके अंतर्गत वर्तमान सरकार के समय में देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जैसे एम्स, जिसकी संख्या 2014 में सिर्फ 7 थी, वह बढ़कर आज 23 हो गई है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2013-14 में 387 थी, जिसको 2025-26 तक दोगनी करके 808 बनाया गया है। इससे गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पेशेवरों तक पहुंच बढ़ रही है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक रोगियों को पहले ही लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये का मुफ्त का रियायती उपचार मिल चुका है। यह राज्यों के राजस्व को नुकसान पहुंचाए बिना स्थिरता लाता है। जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर से पुनर्निर्धारित केंद्रीय उत्पाद शुल्क में बदलाव, राज्य के हिस्से में कमी नहीं,

Contents Page

बल्कि एक प्रशासनिक पुनरीक्षण करता है। क्षतिपूर्ति उपकर हमेशा एक समयबद्ध तंत्र था, ...(**समय की घंटी**)... जिससे सभी राज्यों ने सहमति व्यक्त की थी। धन्यवाद, सर।

डा. अशोक कुमार मित्तल (पंजाब): सर, सिगरेट के हर पॉकेट पर लिखा होता है - Tobacco is injurious to health, परन्तु मेरा कहना है – tobacco is injurious to nation. मैं कहना चाहूंगा:

"फ़ख्र होता है ऊंचाइयों को छूने में,
बस उसमें दफन किसी की लाश न हो।
जुनून हो मेहनत से आगे बढ़ने का,
बस धुएं में जकड़ी कोई दास्तान न हो।
सबको अपने सपने का जहां मिले,
बस आंसुओं में डूबी किसी की मां ना हो।"

सर, हम टोबैको से 75,000 करोड़ रुपए सालाना कमाते हैं या कमाने जा रहे हैं, पर तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम पर सिर्फ 50 करोड़ रुपए खर्च करते हैं यानी टोटल कमाई का 0.07 प्रतिशत। यह इतना कम क्यों है?

सर, हमारे क्रिकेटर्स, सेलिब्रिटीज़, जो खुद को रोल मॉडल कहते हैं, हम लोग भी समझते हैं, युवा भी समझते हैं, वे surrogate ad के जरिए इलायची के नाम पर जहर बेचते हैं। अभी एक नया बिल अलग से आ रहा है 'The Health Security se National Security Cess Bill, 2025'. यह बहुत बढ़िया है। हम इसका समर्थन करते हैं। आम आदमी पार्टी इस सेस का समर्थन करती है। अभी इस तरफ के साथियों ने बोला कि यह जो पैसा आएगा, यह तंबाकू के कारण होने वाली बीमारियों के रोकथाम के लिए खर्च होगा। इस बात से हम सभी सहमत हैं।

सर, माननीय मंत्री जी से मेरा यह निवेदन है कि यह जो सेस लगाया जा रहा है, हम इसका नाम हेल्थ सेस अगेंस्ट तंबाकू क्यों न कर दें, जैसे हम हेल्थ सिक्योरिटी अगेंस्ट नेशनल सिक्योरिटी लेकर आ रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं सिर्फ आधा मिनट लूँगा।

सर, 75,000 करोड़ रुपए या जितना भी आएगा, वह सारा इस खाते में डाला जाए - यह मेरा पुरजोर निवेदन है मंत्री जी से। Advertisements का जो twin pack का नया कल्चर चला है, उस पर सख्ती से निमंत्रण लगे ताकि बच्चों को बेवकूफ न बनाया जा सके।

सर, सिगरेट की जो ऐड है, उस पर पूरी तरह से नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। भारत सरकार की एक बड़ी अच्छी स्कीम है, जिसके तहत केंद्र सरकार नेशनल हेल्थ मिशन पर राज्यों को वित्तीय प्रोत्साहन देती है और यह अच्छा काम है, क्योंकि यह तंबाकू की रोकथाम में मदद करती है। सर, वही चीज यहाँ भी लागू की जाए। ...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापति: कृपया आप conclude करें।

डा. अशोक कुमार मित्तल: सर, आखिरी लाइन है। फाइनेंस कमिशन, जो राज्य परिवार नियोजन में अच्छा काम करता है, उसको विशेष अनुदान देता है, ऐसे ही वह स्टेट, जो तंबाकू की रोकथाम करते हैं, उनको भी विशेष अनुदान दिया जाए, बहुत-बहुत धन्यवाद।

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shrimati Nirmala Sitharaman to reply to the discussion.

THE MINISTER OF FINANCE; AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, after the introduction of the Bill, I understand about 27 hon. Members have spoken on the subject. While just giving a broad introduction to what this exercise is about, I will move to respond to many of the questions which hon. Members have raised. The Central Excise Act of 1944, actually, has a Fourth Schedule in which the rates are prescribed. And, within the Fourth Schedule, there is a Section 4 in which the rates of the tobacco products are mentioned. Now, with the levy of the cess no longer there, under the GST scheme of things, meaning the compensation cess is no longer going to be levied, there was a necessity to get back the excisable items back into the Central Government's Excise Act.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*.)

Just to explain it a bit better, when in 2017, GST was brought in, in order to give States the compensation which was agreed upon so that they will be able to have their income supplemented just in case it fell from an assured level, the Central Government had said that it shall, just as a token, collect very miniscule amount for those items which come under the Central Excise such as tobacco products and completely gave it to the GST to collect Compensation Cess because they were under the 28 per cent rate, and over and above that, compensation cess was also being collected.

Even at the point in time of introduction of GST in 2017, by law, it was provided that this compensation will be given for the States for five full years. Now, at the end of the five full years, compensation cess was to come to a close. Even before the five full years could be completed, unfortunately, we had the Covid coming and during that time, no revenue could be raised, but yet, the compensation had to be given. So it was decided that there would be a loan arrangement made in which the Central Government would arrange it and have it back-to-back given to the States and that loan will also get paid back through the collection of the compensation cess. It means, till 2022, you would have to give the States the compensation through the collection which comes from the compensation cess. After that, because during the period of five years itself, we had to borrow money to pay this compensation cess, we

